RNI NO. 56331/93 वर्ष » 33 अंक » 109

जयपुर » शुक्रवार » 19 सितम्बर, 2025

पृष्ठ » 08 मूल्य » 2 रुपए

# दैनिक खबरों की दुनिया

संस्करण
जयपुर, टोंक और
मुरैना (मध्य प्रदेश)

Phone : 9414885972, 9829017239 KKDJPR@GMAIL.COM www.khabronkiduniya.com

संपादकीय

बड़ी-बड़ी डिग्रियां लेकर भी नौकरी के लिए काट रहे हैं चक्कर

## एमबीए एमएससी पास आरएएस पटवारी की तैयारी कर रहे युवकों भी तैयार है चपरासी बनने के लिए



**देश** में बेरोजगारी की समस्या निरंतर बढ़ती जा रही है। बड़ी से बड़ी योग्यता प्राप्त अभ्यर्थी 19 से 21 सितंबर तक होने वाले ग्रेड फोर्थ की परीक्षा में बैठने की तैयारी कर रहे हैं। यह परीक्षा 6 पारी में आयोजित की जाएगी। ग्रेड फोर्थ के 53749 पदों के लिए 24 लाख 75 हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किय है। इनसे 75 प्रतिशत अभ्यर्थी ओवर क्वालिफाइड है। इन पदों के लिए न्यूनतम योग्यता दसवीं पास रखी है। लेकिन अधिकांश अभ्यर्थी पोस्ट ग्रेजूएट है। कई व्यावसायिक प्रतियोगिता परीक्षा पास कर चुके हैं। कई तो आरएएस का प्री एग्जाम छोड़कर चपरासी बनने की लाइन में लगे हैं। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष आलोक राज ने बताया कि राजस्थान के इतिहास में चपरासी ग्रेड फोर्थ की सबसे बड़ी परीक्षा है। पदों की संख्या मात्र 53 हजार है और 24 लाख अभ्यर्थी बैठ रहे हैं।



डॉ. एल. सी. भारतीय
प्रधान सम्पादक

### बेरोजगार युवाओं को ऊंची से ऊंची डिग्री लेने के बाद भी नौकरी नहीं

हमारे देश में बेरोजगारी की समस्या निरंतर बढ़ती जा रही है। इसकी ओर सरकार का ध्यान नहीं है। लाखो रुपए खर्च करके मां-बाप अपने बच्चों का जीवन संवारने के लिए ऊंची से ऊंची डिग्री दिलाते हैं। लेकिन सरकार के पास उनके लिए नौकरी नहीं है। ऋण लेकर पढ़ाई की, अब ऋण चुकाने के लिए पैसे नहीं है। समाज में बढ़ती बेरोजगारी से अपराध प्रवृति बढ़ रही है। बैठे ठाले बिना व्यवसाय के अपराध प्रवृति की ओर अग्रसर होते हैं। मां-बाप कब तक उन्हें घर बैठे-बैठे खिलाते रहेंगे। ऐसी स्थिति में सरकार को बेरोजगारों को नौकरी देने के बारे में सोचना चाहिए। नहीं तो बेरोजगारों की संख्या ओर बढ़ जाएगी।

### भारत का युवा कब तक बेरोजगार रहेगा?

नेपाल में तो बेरोजगार युवाओं ने सत्ता बदल कर रखी दी लेकिन हमारे यहां के युवा संस्कारित एवं सभ्य है। वे सरकार चुनने में तो आगे रहते हैं लेकिन चुनी हुई सरकार का विरोध करना उनके बस की बात नहीं है। शिक्षित बेरोजगारी भारत की सबसे बड़ी समस्या है। शिक्षित बेरोजगारों को नौकरी देना सरकार का पहला कर्तव्य है। सरकार किसी भी पार्टी की हो उन्हें देश में बढ़ती हुई बेरोजगारी की ओर ध्यान देना होगा। इन उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं को इनकी योग्यतानुसार नौकरी देनी होगी। यदि शिक्षित बेरोजगारी इसी तरह बढ़ती रही तो बहुत बड़ी समस्या खड़ी हो जाएगी।

### स्वदेशी का बोर्ड लगाने की बात कह रहे हैं प्रधानमंत्री

हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने जन्मदिन पर दुकानों पर स्वदेशी माल बेचने का बोर्ड लगाने की बात कही है परंतु माननीय प्रधानमंत्री जी जो स्वदेशी माल हमारे कारखानों में तैयार होता था वहीं अमेरीका सहित अन्य देशों को निर्यात किया जाता था। जब अन्य देश हमारा माल नहीं खरीदेंगे तो बेरोजगारी और बढ़ेगी, जिसका उपाय सोचना चाहिए। अमेरीका को सबक सिखाना है तो देश में पीजा-बर्गर कोकाकोला, पेप्सी, केएफसी व अन्य विदेशी प्रोडक्ट बैन होने चाहिए। जब तक विदेशी सामान भारत में धड़ल्ले से बिकता रहेगा तो कोई भी अमेरीका का कुछ नहीं बिगाड़ सकता है।

## जर्जर मकान ढहने से सास की मौत, बहू बचाने में हुई घायल


धन्नी बाई (60) सुनीता (35)

### खतरनाक बिल्डिंग की लिस्ट में थी, नहीं गिराई, आरोपी मालिक बोला- नहीं मिला नोटिस

**जयपुर।** जयपुर के पुराने शहर में एक जर्जर मकान ढह गया। हादसे में सास और बहू दब गई। बुजुर्ग सास की मलबे में दबने से मौके पर ही मौत हो गई।

जबकि बहू घायल है। घटना सुभाष चौक थाना क्षेत्र के झिलाई हाउस में गुरुवार (18 सितंबर) सुबह 7 बजे की है।

मौके पर पहुंची नगर निगम की डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि- उन्होंने इस मकान गिराने के लिए 12 अगस्त को नोटिस भी दिया था। जबकि, आरोपी मकान मालिक ने कहा कि उसे कोई नोटिस नहीं मिला।

इस हादसे 12 दिन पहले भी सुभाष चौक एरिया एक हवेली ढह गई थी। इसमें बाप-बेटी की मौत हुई थी। जानकारी के अनुसार हादसे का शिकार हुए दोनों महिलाएं मकान की रखवाली के यहां रहती थीं। मकान का मालिक प्रदीप शाह कुछ दूर दूसरे घर में रहता है।



### बच्चे बोले- दादी को बचाने मम्मी उनके ऊपर लेटीं

एक रिश्तेदार ने बताया कि उन्हें स्थानीय लोगों से फोन पर मकान गिरने और परिवार के सदस्यों के दबने की सूचना मिली थी। घटना के समय इस घर में रहने वाले 2 बच्चे बाहर खेल रहे थे। मकान ढहा तो वे भागकर मां और दादी के पास पहुंचे। उन्होंने बताया कि मां जोर-जोर से बचाने के लिए चिल्ला रही थीं और दादी के ऊपर लेटी थीं। फिर पड़ोसियों की मदद से मलबा हटाकर दोनों को बाहर निकाला गया। जबकि रेस्क्यू टीम घटना के करीब दो घंटे बाद मौके पर पहुंची। हादसे में धन्नीबाई (60) की मौत हो गई, जबकि सुनीता (35) घायल है।

### मैं बुजुर्ग को 5 हजार रुपए देता था- आरोपी मालिक



हादसे के बाद मौके पर पहुंचे मकान मालिक प्रदीप शाह ने कहा कि- मैंने जानबूझकर कुछ नहीं किया है। बुजुर्ग की रिक्वेस्ट पर ही मैंने उसे रहने दिया था। मैं उन्हें यहां रखवाली के लिए 5 हजार रुपए देता था। वहीं, स्थानीय विधायक बालमुकुंदाचार्य ने कहा कि मकान मालिक झूठ बोल रहा है, उसे नोटिस दिया गया था। ऐसे मकान मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



### दीवार में दरार आ गई थी, मैंने कहा मम्मी भागो, इतने में गिर गया मकान

सुभाष चौक के नजदीक राम कुमार धाभाई का रास्ता पर झिलाई हाउस में काफी पुराना मकान बना हुआ था। बुजुर्ग धन्नीबाई बहू और पोते-पोतियों के साथ इसी मकान में रहती थीं। हादसे में बाल-बाल बची सुनीता की बेटी रीना (11) चौथी क्लास में पढ़ती है। सुबह स्कूल जाने के लिए तैयारी कर रही थी। रीना ने बताया कि सुबह मम्मी घर का काम कर रही थी, दादी अंदर कमरे में थीं। मुझे दीवार में दरार नजर आई तो मैंने मम्मी को कहा कि दीवार में दरार पड़ती जा रही है। दादी को बाहर लेकर भागो। मम्मी भागकर कमरे में दादी के पास गईं। इधर मैं और 8 साल का भाई बाहर निकले ही थे कि मकान गिर गया। हमारे सामने ही मम्मी और दादी मकान में दब गए। फिर हमने बड़े गेट के पास आकर शोर मचाया, तब भैया मदद के लिए आए।

### मम्मी ने अंकल को कहा था मकान से चूना गिरता है, ठीक करवाओ

बच्ची रीना ने बताया कि मकान पुराना था। इसमें छत से पपड़ी, चूना गिरता रहता था। मम्मी ने कई बार मकान मालिक को कहा कि इसे ठीक करवा दो। लेकिन, अंकल ये बोलते थे कि टाइम मिलेगा, तब करवाएंगे। वो कहते थे कि सभी मकान पुराने ही तो हैं। दो-तीन दिन पहले भी मम्मी ने फोन कर बोला था कि जगह-जगह से इसमें टूट-फूट हो रही है। अंकल ने ये कहकर फोन काट दिया कि घर पर रिश्तेदार आए हुए है ज्पार्टी चल रही है, बाद में बात करेंगे। यह मकान प्रदीप शाह का है। मकान सौ साल से भी ज्यादा पुराना है। मुख्य मकान के बाहर दीवार के पास रहने के हिसाब से पोर्शन बनाया हुआ था। वह भी जर्जर था। इसी पोर्शन में चौकीदारी के लिए महिला, उसकी सास और बच्चे रहते थे। दादी दिनभर बच्चों को संभालती थी। मां एक स्कूल में चपरासी का काम करती है।

### मकान मालिक के खिलाफ की जाएगी कार्रवाई- उपायुक्त

डीसी सीमा चौधरी ने बताया कि मकान मालिक को नोटिस दिया गया है और 24 घंटे बाद उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नोटिस देना इसलिए जरूरी था ताकि मकान पर पहले से कोई विवाद चल रहा हो तो उसकी जानकारी ली जा सके। पहले 12 अगस्त को भी उन्हें नोटिस जारी किया गया था, जिसका उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया था।

### 5 घंटे बाद सुभाष चौक पहुंचीं मेयर

नगर निगम जयपुर हेरिटेज मेयर कुसुम यादव भी घटनास्थल पर पहुंचीं। हालांकि, वो दोपहर 12 बजे मौके पर पहुंचीं। उनके लेट पहुंचने को लेकर भी स्थानीय लोगों ने नाराजगी जताई।

### 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता का ऐलान

हवा महल विधायक बालमुकुंद आचार्य ने कहा कि किसी के बंद भवन में हम कैसे जा सकते हैं। बिना मकान मालिक की इजाजत के घर में घुस सकते हैं क्या? उन्होंने नोटिस वाली बात पर कहा कि मकान मालिक झूठ बोल रहा है, उन्हें नोटिस दिया गया था। मकान मालिक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मृतक परिवार को 50,000 रुपए की आर्थिक सहायता की घोषणा की।

### युवक बोले- नहीं मिली मदद

हादसे में घायल दोनों महिलाओं को स्थानीय लोगों ने मलबे से निकला था।

इस दौरान वे लोग दरवाजा बंद होने के कारण गेट कूद कर अंदर पहुंचे थे।

करीब 25 मिनट में दोनों महिलाओं को मलबे से बाहर निकाला गया। स्थानीय महिला ने बताया कि हादसे के बाद कई बार एंबुलेंस के लिए फोन किया गया।

सऊदी-पाक के बीच रक्षा समझौता

## बोले-मिलकर देंगे हर हमले का जवाब

### दावा- एटमी हथियार का भी इस्तेमाल शामिल; भारत बोला- पहले से जानकारी थी

एजेंसी

**रियाद।** सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एक रक्षा समझौते पर साइन किए। इस समझौते के तहत एक देश पर हमला दूसरे पर भी हमला माना जाएगा।

सऊदी प्रेस एजेंसी के मुताबिक, दोनों देशों ने एक जॉइंट स्टेटमेंट में कहा कि यह समझौता दोनों देशों की सुरक्षा बढ़ाने और विश्व में शांति स्थापित करने की प्रतिबद्धता को दिखाता है। इस समझौते के तहत दोनों देशों के बीच डिफेंस कॉर्पोरेशन भी डेवलप किया जाएगा। रॉयटर्स के मुताबिक इस समझौते के तहत मिलिट्री सहयोग किया जाएगा। इसमें जरूरत पड़ने पर पाकिस्तान के परमाणु हथियारों का इस्तेमाल भी शामिल है। सऊदी अरब और पाकिस्तान के रक्षा समझौते पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत सरकार को इसकी जानकारी पहले से थी।

सऊदी अरब की राजधानी रियाद के यमामा पैलेस में हुई इस बैठक में क्राउन प्रिंस और शहबाज शरीफ ने चर्चा की।

### समझौते के वक्त पाकिस्तानी सेना प्रमुख भी मौजूद थे

शहबाज शरीफ के साथ पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसीम मुनीर, उप प्रधानमंत्री इशाक डार, रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ, वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब और हाई लेवल डेलिगेशन सऊदी पहुंचा है। जिस वक्त इस रक्षा समझौते पर साइन किए जा रहे थे, तब पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसीम



मुनीर भी वहां मौजूद थे। एक अधिकारी ने रॉयटर्स को बताया कि यह समझौता किसी खास देश या घटना के खिलाफ नहीं हुआ है, बल्कि दोनों देशों के बीच लंबे समय तक चलने वाले गहरे सहयोग का आधिकारिक रूप है।

### पाक ने नाटो जैसी फोर्स बनाने का सुझाव दिया था

इजराइल ने 9 सितंबर को कतर की राजधानी दोहा में हमास चीफ खलील अल-हय्या को निशाना बनाकर हमला किया था। इस हमले में अल-हय्या बच तो गया था, लेकिन 6 अन्य लोगों की मौत हो गई थी।

दिशा पाटनी के घर फायरिंग में शूटरों के ढेर होने पर बौखलाया

## यूपी पुलिस को गैंगस्टर का चैलेंज, बदला लेंगे

एजेंसी

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली में एक्ट्रेस दिशा पाटनी के घर फायरिंग करने वाले दो शूटरों के एनकाउंटर के बाद गैंग लीडर रोहित गोदारा ने यूपी पुलिस को धमकी दी है। गुरुवार को उसने फेसबुक पर लिखा- हमारे जो दो शूटर्स मारे गए हैं, हम इसका बदला लेंगे। ये एनकाउंटर हमारे जीवन की बहुत बड़ी क्षति है। ये ढेर नहीं, शहीद हुए हैं। हम वो काम कर सकते हैं, जिसकी ये कल्पना भी नहीं कर सकते। इसमें जिसका भी हाथ है, वो चाहे कितना भी पैसे वाला हो या पावर वाला हो, वक्त लग सकता है। माफी नहीं है। दरअसल, 11 और 12 सितंबर को बरेली में एक्ट्रेस दिशा पाटनी के घर फायरिंग हुई थी। इस मामले में यूपी एसटीएफ ने हरियाणा और दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर बुधवार शाम को गाजियाबाद में दो शूटरों को एनकाउंटर में मार गिराया। इनकी पहचान हरियाणा निवासी अरुण और रविंद्र के रूप में हुई थी। मारे गए रविंद्र और अरुण दोनों पेशेवर शूटर थे।

### हमारे भाई ढेर नहीं, शहीद हुए

रोहित गोदारा ने फेसबुक पर लिखा कि भाइयों, आज ये जो एनकाउंटर हुआ है, यह हमारे लिए जीवन की बहुत बड़ी क्षति है। मैं आपको बता दूं, यह जो न्यूज चैनल वाले चला रहे हैं कि ढेर हुए, ये ढेर नहीं शहीद हुए हैं। इन भाइयों ने धर्म के लिए अपना बलिदान दिया है। अरे कुछ तो शर्म करो। एक मुंह से तुम सनातन सनातन चिल्लाते हो और जो सनातन के लिए लड़ाई लड़े, उसे मार दिया जाता है। यह इंसाफ नहीं है।

## शहरी सेवा शिविरों से जरूरतमंद तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभ : भजनलाल शर्मा



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पूरे प्रदेश में आयोजित किए जा रहे शहरी सेवा शिविरों एवं ग्रामीण सेवा शिविरों में आमजन की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कर त्वरित राहत दी जा रही है। उन्होंने कहा कि शहरी वार्डों के नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं से संबंधित कार्य भी इन शिविरों के माध्यम से पूर्ण हो रहे हैं।

शर्मा ने गुरुवार को जयपुर शहर के आदर्श नगर में रोटरी सर्किल स्थित अंबेडकर भवन सामुदायिक केन्द्र में शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण कर आमजन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इन शिविरों में प्रदेश के नागरिक केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। पीएम स्वनिधि योजना एवं सीएम स्वनिधि योजना से लाभान्वित होकर विशेष रूप से युवाओं का स्वरोजगार का सपना साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार युवाओं को कौशल विकास के अवसर प्रदान कर रही है। विश्वकर्मा योजना के माध्यम से भी रोजगार को बढ़ावा दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर पूरे प्रदेश में 17 सितम्बर से शहरी सेवा शिविरों एवं ग्रामीण सेवा शिविरों का आयोजन प्रारंभ किया गया है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि आमजन अपने नागरिक कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए समाज के गरीब व जरूरतमंद व्यक्ति को इन शिविरों तक लाएं, जिससे उन्हें योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके।

### मुख्यमंत्री ने स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को सौंपे चैक

शिविर में मुख्यमंत्री ने पीएम स्वनिधि योजना के तहत सुरेश मीना, छोटूलाल प्रजापत, मुकेश कुमार और जयंती खत्री को चैक सौंपे। इसी प्रकार सीएम स्वनिधि योजना के तहत मोहम्मद फरीद को चैक सौंपा। उन्होंने श्रबुशनुमा अंसारी व रक्खछंदा अहमद को आवासीय पट्टे, नितांत व गिरधारी को नामांतकरण तथा विभिन्न आवेदकों को जन्म, मृत्यु एवं विवाह संबंधी प्रमाण पत्र सौंपे। उन्होंने पीएम स्वनिधि योजना से संबंधित पुस्तक का विमोचन किया। कार्यक्रम के अंत में शर्मा ने सामुदायिक केन्द्र परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान व हरियालो राजस्थान के तहत पौधारोपण किया।

## मोदी की बांसवाड़ा यात्रा को लेकर मुख्यमंत्री ने ली उच्चस्तरीय बैठक

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 सितम्बर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती के अवसर पर केन्द्र व राज्य सरकार की लगभग 1 लाख 21 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं की बांसवाड़ा से सौगात देने जा रहे हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री माही-बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा संयत्र का शिलान्यास करेंगे। मोदी के प्रस्तावित बांसवाड़ा दौरे की तैयारियों को लेकर शर्मा उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को समन्वय स्थापित करते हुए संबंधित आवश्यक व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

खजुराहो की खंडित मूर्ति बदलने की याचिका पर कहा था- भगवान से खुद करने को कहो, अब सीजेआई ने दी सफाई

## सभी धर्मों का सम्मान करता हूं : सीजेआई गवई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** खजुराहो के वामन (जावरी) मंदिर में भगवान विष्णु की मूर्ति बदलने को लेकर दी टिप्पणी पर चीफ जस्टिस बीआर गवई ने सफाई दी है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि मेरी टिप्पणी को सोशल मीडिया पर गलत तरीके से दिखाया गया। मैं सभी धर्मों का सम्मान करता हूं।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 16 सितंबर को राकेश दलाल की याचिका खारिज कर दी थी। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने याचिकाकर्ता से कहा था जाओ और भगवान से खुद करने को कहो। तुम कहते हो भगवान विष्णु के कट्टर भक्त हो, जाओ उनसे प्रार्थना करो।



बेंच में शामिल जस्टिस के विनोद चंद्रन ने सोशल मीडिया को एंटी-सोशल मीडिया कहा और बताया कि उन्हें भी ऑनलाइन गलत तरह से दिखाया गया है। वहीं, याचिकाकर्ता के वकील संजय नूली ने कहा कि सीजेआई के बारे में सोशल मीडिया पर फैलाए गए बयान झूठे हैं।

### एसजी बोले- सोशल मीडिया पर बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया जाता है

गुरुवार को अदालत में मौजूद सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, मैं सीजेआई को 10 साल से जानता हूं। वे सभी धर्मस्थलों पर जाते हैं। आजकल सोशल मीडिया पर बातें बढ़ा-चढ़ाकर दिखाई जाती हैं। मेहता ने कहा, न्यूटन का नियम है कि हर क्रिया की समान प्रतिक्रिया होती है, लेकिन अब सोशल मीडिया पर हर क्रिया की जरूरत से ज्यादा प्रतिक्रिया हो जाती है। वहीं, सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने भी सहमति जताई और कहा कि सोशल मीडिया की वजह से वकीलों को रोज दिक्कत उठानी पड़ती है।

### विहिप नेता बोले- सबका कर्तव्य है वाणी पर संयम रखना

विहिप के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने एक्स पर लिखा- न्यायालय न्याय का मंदिर है। भारतीय समाज की न्यायालयों पर श्रद्धा और विश्वास है। हम सबका कर्तव्य है कि यह विश्वास न सिर्फ बना रहे वरन और मजबूत हो। हम सब का यह भी कर्तव्य है कि अपनी वाणी में संयम रखें। विशेष तौर पर न्यायालय के अंदर। यह जिम्मेदारी मुकदमा लड़ने वालों की है, वकीलों की है और उतनी ही न्यायाधीशों की भी है।

खबरों की दुनिया
**एक नजर**

## गोल्ड मेडल जीत के साथ बंधु स्कूल के लाडले का तीरंदाजी मे राज्य स्तर पर हुआ चयन




खबरों की दुनिया

**खाटूश्यामजी।** बंधु पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के होनहार छात्र अंकित धायल कक्षा 11 का 69वीं 17 वर्ष आयु वर्ग तीरंदाजी खेल प्रतियोगिता मे जिले स्तर पर गोल्ड मेडल प्राप्त कर अपने कोच विकास सर व आर्यन सर का नाम रोशन किया है इसके साथ ही माता-पिता हर लाल सिंह धायल किरण देवी पी टी आई जी नवीन झाझड़िया संस्था के चेयर मैन सुरेश मावलिया प्रधानाचार्य बंशी लाल कुड़ी ने छात्र के उज्वल भविष्य की कामना की है छात्र की इस सफलता पर बंधु शिक्षण संस्थान मे खुशी की लहर है।

## बाबा मोहनदास महाराज का श्राद्ध दिवस मनाया जायेगा आज



खबरों की दुनिया

**सालासर।** संत शिरोमणि बाबा मोहनदास महाराज का आज श्राद्ध दिवस मनाया जायेगा। श्रीकांत पुजारी व किशन पुजारी ने बताया कि बाबा मोहनदास महाराज कि भक्ती से प्रसन्न होकर बालाजी महाराज का सालासर आये थे। बाबा मोहनदास का श्राद्ध दिवस एक त्यौहार के रूप में मनाया जाता है। त्रयोदशी के शुक्रवार के दिन आयोजित इस कार्यक्रम में एक लाख श्रद्धालु सालासर पहुँचते है। सुबह से भक्तों का आना शुरु हो जाता है। बाबा मोहन दास महाराज की शराब दिवस पर प्रसाद के लिए हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं और प्रसाद पाकर निरोगी होने की कामना करते हैं। नागरमल पुजारी ने बताया कि श्राद्ध कार्यक्रम को लेकर एक दिन पहले ही प्रसाद बनाने का काम शुरू कर दिया जाता है। बबलू पुजारी, सुरेश पुजारी, नितिन पुजारी, हेमराज पुजारी, कुलदीप पुजारी लगातार प्रसाद बनाने में लगे हुए है।

## पुजारी सेवक महासंघ का द्वितीय प्रांतीय महाअधिवेशन आज




### तैयारियों को दिया जा रहा अंतिम रूप

खबरों की दुनिया

**खाटूश्यामजी।** कस्बे की प्रसिद्ध धार्मिक नगरी में पुजारी सेवक महासंघ का द्वितीय प्रांतीय महा अधिवेशन आज जयपुर वालों की धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा। महाधिवेशन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया जिसमें प्रांतीय संरक्षक महंत मोहन सिंह चौहान दास महाराज, महामंत्री रतनलाल शर्मा, लक्ष्मी नारायण शर्मा, कोषाध्यक्ष रामनिवास तिवारी, उपाध्यक्ष अशोक मिश्रा, गिर्राज माटोलिया एवं कार्यालय मंत्री विश्वनाथ शर्मा, सीकर जिलाध्यक्ष शंकर लाल शर्मा व उपाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद शर्मा सहित अनेक पुजारियों को जिम्मेदारी दी गई है। बैठक को लेकर पुजारी सेवक महासंघ के द्वितीय प्रांतीय महा अधिवेशन मे पुजारियों के सामने आ रही समस्याओं को लेकर मंथन होगा। संगठन के समस्त पुजारी कार्यकर्ता, तहसील, जिला, संभाग एवं प्रदेश कार्यकारिणी के तमाम पदाधिकारियों की बैठक सुबह जयपुर धर्मशाला में कार्य विभाजन कर जिम्मेदारियां सौंपी गई और 3:00 बजे संगठन द्वारा चिन्हित स्थान से पुजारी ध्यानाकर्षण रैली आयोजित की गई।

## विनायक स्कूल ने जीते 17 पदक

खबरों की दुनिया




**सीकर।** शास्त्री नगर स्थित विनायक स्कूल के छात्रों द्वारा 69वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 17 पदक प्राप्त किए। संस्था के खेल प्रभारी भवानी सिंह ने बताया कि मैट्रिक्स हाई स्कूल में 17 और 19 वर्ष के 69वीं विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में 48 किलोग्राम भार वर्ग में हिमांशु गोरा, 52 किलोग्राम भार वर्ग में गरिमा शर्मा ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए। मुस्कान कुमावत, भावना चौधरी, शिवी, रितिका, अर्पित कुमावत, भरत सिरावता, भोमाराम ने रजत पदक एवं कांस्य पदक में केशव शर्मा, नरेंद्र, निशांत सिंह राठौड़, हितेश ढाका, रिया बिखिवाल, गुंजन सोनी, खुशी सैन, लक्षिता सैन रहे। छात्रों के पदक जीतने पर संस्था में खुशी का माहौल रहा। संस्था निदेशक रमेश शास्त्री, संस्था प्रधान विजय वशिष्ठ, एकेडमिक हेड शिखा शर्मा एवंसहायक खेल प्रभारी माया सैनी न छात्रों की इस उपलब्धि पर उनको बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

*रावणा राजपूत समाज की ओर से 23 सितम्बर को सीकर में प्रधानजी का जाव में होगा कार्यक्रम का आयोजन*

# मेजर दलपतसिंह शेखावत बलिदान दिवस कार्यक्रम का जिला कलक्टर व पुलिस अधीक्षक ने किया पोस्टर का विमोचन

खबरों की दुनिया





**सीकर।** हाईफा हीरो मेजर दलपतसिंह शेखावत के बलिदान दिवस पर आयोजित श्रद्धांजति सभा एवं वीरांगना सम्मान समारोह तथा सामाजिक जागृति सम्मलेन के पोस्टर का विमोचन गुरूवार को जिला कलक्टर मुकुल शर्मा व पुलिस अधीक्षक प्रदीप नूनावत ने किया। इसके साथ दांतारामगढ़ विधायक वीरेन्द्र सिंह ने भी पोस्टर का विमोचन किया।

रावणा राजपूत समाज व आयोजन समिति के संयोजक एडवोकेट हनुमान सिंह पालवास ने बताया कि समारोह सम्मान समारोह 23 सितम्बर को सीकर के राणी शक्ति रोड स्थित प्रधानजी का जाव में मेजर दलपत सिंह के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजति सभा एवं वीरांगना सम्मान समारोह तथा सामाजिक जागृति सम्मलेन का आयोजन किया जायेगा। आयोजन में शामिल होने के लिये सामाजिक प्रतिनिधियों किशन सिंह चौहान, डॉ.बलवंत सिंह चिराना, हनुमान सिंह पालवास,पूर्व पार्षद सम्पत सिंह, ओम सिंह दुजोद ने जिला कलक्टर मुकुल शर्मा व पुलिस अधीक्षक प्रदीप नूनावत तथा दांतारामगढ़ विधायक वीरेन्द्र सिंह से मिलकर आंमत्रित किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया।

उन्होंने बताया कि मेजर दलपतसिंह शेखावत ने अपनी शहादत देते हुये इजराइल के हाइफा शहर को अपने अदम्य साहस व शौर्य के बल पर तुर्की सेना के कब्जे से आजाद करवाया था। मेजर दलपसिंह शेखावत की शहादत भारत के युवाओं को प्रेरणा व देशभक्ति का संदेश देती है। इस दौरान विजेंद्र सिंह रावणा, कान सिंह लढ़ाना, मंढा सरपंच नेम सिंह चोहान, बलबीर सिंह भगतपुरा, गोविंद सिंह चोहान, गजानंद सिंह, नंदू सिंह मऊ आदि मौजूद रहे।

*विशाल नृसिंह लीला समिति की बैठक आयोजित*

## शरद पूर्णिमा पर आयोजित होगी नृसिंह लीला, दक्षिण भारतीय शैली में होने वाले नृत्यों के लिए हुए नाम तय

खबरों की दुनिया



**खाटूश्यामजी।** विशाल नृसिंह लीला समिति की बैठक राम मंदिर में आयोजित हुई। बैठक में आगामी शरद पूर्णिमा के अवसर पर 6 अक्टूबर को खाटूश्यामजी के मुख्य बाजार में नृसिंह लीला कराने का निर्णय लिया गया।

इसके साथ ही सम्पूर्ण रात्रि में भगवान विष्णु के 24 अवतार के दक्षिण भारतीय शैली में होने वाले नृत्यों में भूमिका निभाने वाले युवाओं का अंतिम चयन किया गया तथा सभी पात्रों को पूर्वाभ्यास व पौशाक तैयार करने की जिम्मेदारी दी।

समिति के अंशु शर्मा ने बताया कि लीला का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष वरूण माहेश्वरी फीता काट कर करेंगे।

बैठक के दौरान सदस्यता शुल्क लेने के साथ नवीन सदस्य भी बनाए गए। बैठक में मानवेन्द्र सिंह चौहान, रवि सिंह चौहान, चेतन पटवारी, सोनू तुलछानी, मुरारी जोशी, मनीष, सुनिल कुमावत, बंटी सैन, प्रियांशु सरोज, यश तिवाडी, विक्की जांगिड़, पवन महंत जीतू, शेकू, राजेश, गणेश, हैप्पी सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

## आज जलाए जायेंगे 11000 दीपकः होगा पितरों का तर्पण, पितृ दीपावली भव्य का आयोजन

खबरों की दुनिया



**सीकर।** श्रीकल्याण धाम सीकर में पितृ पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर आज धर्मगुरु सनातन रत्न महंत विष्णु प्रसाद शर्मा के सानिध्य में पितृ दीपावली का आयोजन किया जाएगा, जिसमे सभी के द्वारा दोपहर 02:15 बजे अपने अपने पितरों के निमित सामूहिक तर्पण किया जाएगा। तत्पश्चात 05:00 बजे कल्याण धणी की महाआरती कर शालिग्राम भगवान की तुलसी दल से पूजन कर श्रीकल्याण धाम से माधव सागर तक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। माधव सागर पर 11000 दीपकों से भव्य सजावट कर पितरों के निमित दीप दान किया जाएगा। साथ ही विष्णु पद के साथ की जाएगी पूजा, मान्यता है कि शास्त्रों में ऐसा वर्णन है कि पितृ पक्ष के दौरान पितृ धरती पर आते हैं। उनके निमित सभी पूजा अर्चना करते हैं इसी के साथ मंदिर व्यवस्थापक रवि प्रसाद शर्मा ने इस विषय पर बताया कि शास्त्रों मुख्य रूप से तीन दीपावली मनाई जाती हैं जिसमे मनुष्य लोक की दीपावली हम कार्तिक की अमावस्या को आती है और देव लोक की दीपावली कार्तिक की पूर्णिमा पर हम लोग मानते हैं इसी प्रकार पितृ लोक की दीपावली आश्विन कृष्ण त्रयोदशी को मनाई जाती है। मान्यता है कि इस दिन पितरों के निमित विष्णु मंदिर में यदि दीप दान किया जाता है तो पितरों का मार्ग रोशनीमय होता है और वे अपने लोक को खुश होकर लोटते है। मानव जिस प्रकार अपने घर दीपावली मनाता है उस तरह इसे भाव से मनाना चाहिये। गयाजी में विष्णु पद पर यह उत्सव लाखो वर्षो से बड़े ही धूम धाम के साथ मनाते हैं। तो यह उत्सव इस बार श्रीकल्याण धाम में आज सायं काल 05:00 बजे मनाया जाएगा जिसमे श्रीकल्याण मंदिर भव्य बैंड वादन के साथ श्रीकल्याण महाराज रथ में विराजमान होकर शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए माधव सागर जाकर पितरों के निमित दीप दान किया जायेगा।

**टेबल टेनिस 17 वर्ष में प्रिंस एकेडमी को विजेता का खिताब**

## ताइक्वांडो, वुशु एवं टेबल टेनिस में 19 स्वर्ण पदक सहित कुल 70 पदक भी जीते

खबरों की दुनिया



**सीकर।** 69वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रिंस एजुहब के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टेबल टेनिस 17 वर्ष प्रतियोगिता में विजेता का खिताब जीता है। साथ ही टेबल टेनिस व ताईक्वांडो की विभिन्न स्पर्धाओं में उपविजेता की तीन ट्रॉफी भी जीती है। प्रिंस के खिलाड़ियों ने ताइक्वांडो, वुशु व टेबल टेनिस की प्रतियोगिताओं में 19 स्वर्ण पदक सहित कुल 70 पदक भी जीते हैं।

नीमकाथाना में आयोजित टेबल टेनिस 17 वर्ष छात्र वर्ग में प्रिंस एकेडमी ने विजेता का खिताब जीता है। साथ ही टेबल टेनिस 19 वर्ष छात्र एवं छात्रा दोनों वर्गों में प्रिंस एकेडमी ने उपविजेता का खिताब भी जीता है। टेबल टेनिस की विभिन्न स्पर्धाओं में प्रिंस के खिलाड़ियों ने 6 स्वर्ण, 9 रजत एवं 6 कांस्य पदक सहित 21 पदक जीते हैं। सीकर में आयोजित ताइक्वांडो 19 वर्ष छात्रा प्रतियोगिता में प्रिंस एकेडमी ने उपविजेता का खिताब जीता है। ताइक्वांडो में प्रिंस ने 10 स्वर्ण, 8 रजत एवं 16 कांस्य पदक सहित 34 पदक जीते हैं। इसी प्रकार वुशु प्रतियोगिता में प्रिंस ने 3 स्वर्ण, 6 रजत एवं 6 कांस्य पदक सहित 15 पदक जीते हैं।

खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर निदेशक जोगेंद्र सुण्डा, चेयरमैन डा. पीयूष सुण्डा एवं मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन ने विजेता खिलाड़ियों को बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी है।

## श्याम नगरी में 21 सितंबर से शुरू होगी 11 दिवसीय भव्य रामलीला

### तैयारीयो को दिया अंतिम रूप

खबरों की दुनिया



**खाटूश्यामजी।** श्याम नगरी में श्रीराम कला मंडल संस्थान के तत्वावधान में 21 सितंबर से 1 अक्टूबर तक 11 दिवसीय भव्य रामलीला का आयोजन किया जाएगा। इस रामलीला का मंचन कस्बे के कबूतर चौक स्थित प्राचीन शिव मंदिर के सामने होगा। संस्थान के महामंत्री राजेंद्र सरोज ने बताया कि आयोजन की तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं। संस्थान पदाधिकारी एवं सदस्य दिन-रात जुटकर मंच, बैठक, सफाई, प्रचार-प्रसार सहित अनेक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। प्रत्येक कार्य की जिम्मेदारी अलग-अलग टीमों को सौंपी गई है। रामलीला में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, हनुमान, रावण, मेघनाद, विभीषण, जटायु सहित अनेक पात्रों की प्रभावी झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। इस मंचन में दर्शकों को राम जन्म, रावण जन्म, राम-सीता विवाह, राम का अयोध्या गमन, सूर्पनखा नाक काटन, सीता हरण, हनुमान-सीता मिलन, राम-भरत मिलाप, संजीवनी पर्वत प्रसंग और रावण वध जैसे अनेक प्रसंग देखने को मिलेंगे।

*शिविर में हुई बीपी, शुगर, हाइपर टेंशन, एनीमिया की जांच*

## स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के जिले के चिकित्सा संस्थानों में लगे शिविर

खबरों की दुनिया



**सीकर।** स्वस्थ भारत विकसित भाग की संकल्पना को साकार करने के उददेश्य ये माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा शुरू किए गए स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के दूसरे दिन गुरूवार को जिले के चिकित्सा संस्थानों में लगे शिविरों में आमजन लाभान्वित हुए। शिविर में महिलाओं, किशोरियों और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं दी गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि अभियान के तहत जिले के सभी जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर पीएचसी, अरबन पीएचसी पर दो अक्टूबर तक शिविर आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेष, नेत्र रोग विशेषज्ञ, ईएनटी, दंत चिकित्सक, फिजिशियन, आयुष चिकित्सकों द्वारा सेवाएं दी जा रही हैं साथ ही स्वास्थ्य सेवाएं एवं टीकाकरण, एनसीडी जैसे बीपी, शुगर, कैंसर की स्क्रीनिंग, मॉ योजना, आभा कार्ड, आयुष्मान कार्ड ईकेवॉयसी, आंखों की जांच व उपचार की सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

उन्होंने बताया कि गुरूवार को जिला मुख्यालय पर जनाना अस्पताल, श्रीकल्याण राजकीय चिकित्सालय सहित जिले के सभी सीएचसी, आयुष्मान आरोग्य मंदिर पीएचसी पर लगे शिविर में आई महिलाओं, किशोर किशोरियों की विभिन्न प्रकार की जांचें की गई। साथ ही बीपी, शुगर, हाइपरटेंशन के पॉजीटिव रोगियों पाए गए रोगियों का उपचार शुरू किया गया। शिविर में टीबी मुक्त भारत तथा टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत टीबी रोगियों को निक्षय पोषण किट वितरित किए गए। इस मौके पर आमजन को स्वास्थ्य विभाग की मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, मॉ वाउचर योजना, मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना, लाडो योजना सहित विभिन्न कार्यक्रमों, योजनाओं की स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा जानकारी दी गई तथा इससे संबंधित प्रचार प्रसार सामग्री उपलब्ध करवाई गई।

## शिविर में अनेक प्रकरणों का निस्तारण, शहरी सेवा शिविर में आम जन को मिल रहा है लाभ



खबरों की दुनिया

**सीकर।** नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित किया जा रहे है शहरी सेवा शिविर गुरूवार को नगर परिषद द्वारा एसके देवड़ा स्कूल में दो दिवसीय वार्ड संख्या 31,32,33,34,35 के शिविर आयोजित किये गये। नगर परिषद आयुक्त फतेहपुर अनिता ने बताया की वार्ड में लोगों ने लिखित में अपनी समस्या बताई। शिविर मे नगर परिषद सहित चिकित्सा विभाग, खाद्य विभाग, विधुत विभाग, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, महिला एवं बाल विकास आदि विभागों द्वारा आमजन से प्राप्त आवेदनों शिकायतों का निस्तारण कैम्प के दौरान किया गया।

शिविर के दौरान नगर परिषद द्वारा आमजन से स्ट्रीट लाईट ठीक करवाने से संबंधित 30 आवेदन प्राप्त हुए तथा 150 स्ट्रीट लाईटों को ठीक किया गया। कृषि भूमि अन्तर्गत 02 आवेदन प्राप्त हुये एवं 02 पट्टे वितरित किये गये जिनमें 88496 रूपये परिषद कोष मे प्राप्त हुये, 69-क के अन्तर्गत 02 आवेदन प्राप्त किये गये। फायर एनओसी का 01 प्रकरण का निस्तारण किया जाकर फायर अनापत्ति प्रमाण जारी किया गया। गृहकर के 02 आवेदन प्राप्त किये गये। कैम्प अवधि मे सडकों से संबधित 39 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का पेचवर्क किया गया एवं 962 मीटर नाली सफाई का कार्य किया गया। जन्म-मृत्यु व विवाह प्रमाण पत्र के लिए आमजन से 31 आवेदन प्राप्त हुये जिनका निस्तारण कैम्प अवधि में किया जाकर प्रमाण पत्र वितरित किये गये। शिविर में सभापति मुस्ताक अहमद नजमी, पार्षद राजु देवी जांगिड, पार्षद दिनेश बियाला, पार्षद प्रतिनिधि रामावतार रूंथला,अशोक बोचीवाल उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को वार्ड संख्या 31, 32, 33, 34, 35 का शिविर एस.के देवड़ा स्कूल में आयोजित होगा।

## 25 सितंबर को वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे को आकस्मिक अवकाश घोषित

खबरों की दुनिया

**सीकर।** 25 सितंबर को वर्ल्ड फार्मासिस्ट दिवस समारोह है जिला स्तर पर मनाया जा रहा है। इस समारोह में भाग लेने वाले फार्मासिस्ट कर्मचारियों को एक दिन का विशेष आकस्मिक अवकाश दिया जाएगा। साथ ही सभी प्रशासनिक अधिकारियों को इस कार्यक्रम की वजह से किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं होने देने को लेकर भी विशेष दिशा निर्देश दिए हैं। जिला प्रवक्ता मुरारी लाल चौधरी ने बताया कि फार्मासिस्ट दिवस जिले के तमाम फार्मासिस्टों के लिए एक गौरवान्वित कर देने वाला पल है। इस दिन राजस्थान सरकार द्वारा विशेष आकस्मिक अवकाश स्वीकृत करना फार्मासिस्टों के लिए और गर्व की बात है। जिला अध्यक्ष श्योजी राम हरितवाल ने राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया है। विश्व फार्मासिस्ट दिवस 25 सितंबर को राजकीय श्रीकल्याण चिकित्सालय सीकर में आयोजित किया जाएगा।

खबरों की दुनिया

एक नजर

## मेंटल हेल्थ पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** पोद्दार इंटरनेशनल कॉलेज के एनएसएस क्लब एवं यूनिसेफ के सहयोग से सात दिवसीय कार्यक्रम मन दर्पणः किशोरों का मानसिक स्वास्थ्य के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्यः कारण और निवारण विषय पर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, इसके कारणों, निवारक रणनीतियों और सकारात्मक स्वास्थ्य के विकास के महत्व के बारे में छात्रों में जागरूकता फैलाना था। सत्र की शुरुआत में डॉ. शिल्पिका तिवारी ने छात्रों को अपनी मानसिक क्षमता को मजबूत करने, प्रभावी तनाव प्रबंधन तकनीकों को अपनाने और अपने दैनिक जीवन में भावनात्मक संतुलन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद, डॉ. विनोद कुमार जैन ने मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के कारणों, निवारक उपायों और अच्छे मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में आत्म-देखभाल, पारिवारिक सहयोग और साथियों के प्रोत्साहन की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। छात्रों और संकाय सदस्यों, दोनों ने उत्साह के साथ आयोजन में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे यह कार्यक्रम अत्यंत प्रभावशाली रहा। पोद्दार ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आनंद पोद्दार ने बताया कि मन दर्पण आयोजन में प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है, जो छात्रों के करियर एवं चरित्र निर्माण के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है।

# भारतीय कला और संस्कृति के संरक्षण में सभी करें योगदान : दिया कुमारी

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के मुख्य आतिथ्य में कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के 'सांस्कृतिक सृजन पखवाड़ा' के अंतर्गत गुरुवार को जयपुर स्थित राजस्थान इन्टरनेशनल सेन्टर में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। उप मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन, 17 सितम्बर से गाँधी जयंती, 2 अक्टूबर तक राज्य में सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग की ओर से 'सांस्कृतिक सृजन पखवाड़ा' भी आयोजित किया गया है जिसमें प्रतिदिन सांस्कृतिक आयोजन किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी हमारी भारतीय कला और संस्कृति के संरक्षण में योगदान दें। दिया कुमारी ने आम जन से अपील कर कहा कि इस आयोजन में आप सपरिवार पधारकर देश की गौरवशाली और विविधतापूर्ण संस्कृति का रस्वादन करें। हमें अपनी संस्कृति का संरक्षण करना होगा, अपनी अगली पीढ़ी को हमारी भव्य, शानदार संस्कृति से रूबरू करवाना होगा। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियों में रूचि लेकर सहभागिता करके ही हम हमारी गौरवशाली भारतीय संस्कृति का संरक्षण कर सकते हैं। इससे पूर्व उपमुख्यमंत्री तथा कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व मंत्री दिया कुमारी ने सांसद मंजू शर्मा , कला, साहित्य, संस्कृति व पर्यटन विभाग के प्रमुख शासन सचिव राजेश यादव, पर्यटन आयुक्त रुक्मणि रियार, जवाहर कला केंद्र एडीजी अलका मीणा की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक संध्या का विधिवत शुभारम्भ किया।



सांस्कृतिक संध्या में राजस्थान की रंग बिरंगी संस्कृति के साथ पारंपरिक कथक का अद्भुत संयोजन देखने को मिला। जयपुर कथक केंद्र के संयोजन में 'पधारो म्हारे देश' गीत पर ईशानी, तनिष्का, मनस्वि, छवि, हर्षिता ग्याना, रिद्धिमा,रुचिका व श्रेया ने कथक नृत्य में बेहतर फुटवर्क व आंगिक अभिनय का प्रदर्शन किया। राजस्थानी गीतों के साथ बीच में कथक के तकनीकी पहलुओं की प्रस्तुति भी देखने को मिली। चेतन कुमार जवड़ा व सिमरन अग्रवाल ने नृत्य निर्देशन किया। पखावज पर प्रवीण आर्य,गायन एवं हारमोनियम पर रमेश मेवाल, सितार पर पं. हरिहर शरण भट्ट, सारंगी पर अमीरुद्दीन खान, तबले पर आदित्य सिंह राठौड़, ढोल पर मोहित चौहान, खड़ताल पर लक्की राणा और बांसुरी पर संदीप सोनी ने संगत की।

ब्रज की संस्कृति से रूबरू करवाने वाली ब्रज रसिया की प्रस्तुति ने सभी कला प्रेमियों को कृष्ण रंग में रंग दिया। राजस्थान ब्रजभाषा अकादमी के संयोजन में हुई इस प्रस्तुति की शुरुआत कलाकारों ने ब्रजभूमि की महिमा का बखान करते हुए की। ढोलक, नगाड़ा, और हारमोनियम की संगत के साथ ब्रजभाषा के मधुर गीतों पर कलाकारों ने यह नृत्य प्रस्तुति दी। श्री कृष्ण और राधा रानी के वेश में नृत्य करते हुए कलाकारों ने सभी का मन मोहा। अंत में कलाकारों ने फूलों की होली खेली जिससे माहौल कृष्णामय हो गया और सभागार में राधे-राधे की गूंज सुनाई दी।

## फार्माकोविजिलेंस सप्ताह सफलतापूर्वक आयोजित



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** महर्षि अरविन्द कॉलेज ऑफ फार्मेसी में 5वाँ फार्माकोविजिलेंस सप्ताह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज में पोस्टर प्रेज़ेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में दवा सुरक्षा एवं फार्माकोविजिलेंस के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। प्रतिभागियों ने अपने पोस्टरों के माध्यम से दवाओं के दुष्प्रभाव, उनके सुरक्षित उपयोग तथा रोगियों की सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण संदेश प्रस्तुत किए। इस अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों एवं शिक्षकों ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की और इस तरह की गतिविधियों को भविष्य में भी निरंतर आयोजित करने पर बल दिया। संस्था के निदेशक डॉ. भारत पाराशर ने स्टूडेंट्स की क्रिएटिविटी की तारीफ की। इस अवसर पर उन्होंने फार्मा के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों से स्टूडेंट्स को रूबरू करवाया एवं स्वयं को भविष्य के अनुसार अपडेट रखने को कहा। संस्था के जनसंपर्क अधिकारी मयंक शर्मा ने बताया कि फार्मा क्षेत्र से संबंधित विभिन्न आयोजन नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं, जिससे स्टूडेंट्स स्वयं को मार्केट के अनुरूप तैयार कर पाते है।

दीपेश को पट्टा मिलने से मिला भूखण्ड के स्वामित्व का हक

## मौके पर ही हुए आमजन के काम, राज्य सरकार का जताया आभार

### गीता देवी का अब होगा पक्के घर का सपना साकार

खबरों की दुनिया

**अलवर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित शहरी सेवा शिविर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण करने एवं एक ही छत के नीचे उनके मूलभत कार्यों को सम्पादित करने के उद्देश्य को साकार कर रहे हैं। इसी कडी में नगर नगर पालिका लक्ष्मणगढ में आयोजित शिविर में दीपेश मोरवाल को पट्टे के रूप में मिला भूमि के स्वामित्व का हक तथा नगर पालिका मालाखेडा में आयोजित शिविर में गीता देवी का प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के घर बनाने का अब होगा सपना साकार।

**पट्टा मिलने से मिला भूखण्ड के स्वामित्व का हक**

नगर नगर पालिका लक्ष्मणगढ में आयोजित शिविर में दीपेश मोरवाल को पट्टे के रूप में मिला भूमि के स्वामित्व का हक जिस पर लाभार्थी ने बताया कि भूखण्ड का पट्टा मिलने से अब अन्य आवश्यकताओं के लिए बैंक से ऋण प्राप्त करने में परेशानी नहीं होगी। वहीं राज्य सरकार की छूट के प्रावधानों के तहत रियायती दरों पर सुगमता से पट्टा प्राप्त हो सका। लाभार्थी ने राज्य सरकार द्वारा शिविर के माध्यम से भूखण्ड के पट्टे का सपना साकार करने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया।



**सहायता राशि मिलने से अब होगा पक्के घर का सपना साकार**

नगर पालिका मालाखेडा में आयोजित शिविर में गीता देवी का प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बनाने के लिए प्रथम किशत की जारी का चेक का चेक प्रदान किया गया। लाभार्थी ने बताया कि स्वयं का पक्का घर नहीं होने की वजह काफी परेशानी झेलनी पड रही थी। कुछ दिन पूर्व मेरे द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत आवेदन किया गया जिसकी स्वीकृति के पश्चात शिविर में आज प्रथम किशत के रूप में चेक प्रदान किया गया है। उन्होंने आवेदन करने के पश्चात शीघ्र ही सम्पूर्ण होने के साथ चेक की राशि मिलने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया।

## 108 संस्कृत संभाषण शिविरो का समापन 20

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** संस्कृतसम्भाषण को जन आन्दोलन का रूप देकर भारताभ्युदय हेतु संकल्पबद्ध संस्कृतभारती भविष्य के लिए संस्कृत की भूमिका एवं उपयोग पर विचार-विमर्श एवं कार्ययोजना की दृष्टि से अपरा काशी जयपुर में एक बृहद् आयोजन कर रही है। इसके आधार रूप में जयपुर महानगर में विभिन्न स्थानों पर दिनांक 10 सितंबर से चल रहे 108 संस्कृत सम्भाषण शिविरों में हजारों लोगों को संस्कृत में वार्तालाप संस्कृत संभाषण करने का अभ्यास कराया गया। सभी शिबिरों का समापन सामूहिक रूप से एक साथ परिष्कार महाविद्यालय परिसर, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर में दिनांक 20 सितम्बर 2025 को आयोजित होने वाले भविष्याय संस्कृतम् (Sanskrit For Future) कार्यक्रम में हजारों संस्कृतानुरागियों की गौरवमयी उपस्थिति में होगा। जयपुर प्रान्त मंत्री डॉ चंद्रशेखर शर्मा प्रचार प्रमुख डॉ सुभाष मीना ने बताया की कार्यक्रम का आयोजन दो सत्रों में किया जाएगा।

**आम-सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री गोपाल बुनकर श्री नारायण लाल की मेसोनरी स्टोन (चेजा पत्थर) खनन परियोजना, खनन पटटा संख्या 263/2002 खनन क्षेत्रफल 1 हैक्टर, उत्पादन क्षमता 99000 टन प्रतिवर्ष, निकट ग्राम चॉप, तहसील आमेर जिला जयपुर राजस्थान को राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण राजस्थान द्वारा पत्र संख्या RJ/25/SEAC2(06)/MIN/R.EC/0980 (EC IN - EC24C0108RJ5401877N) दिनांक 22.02.2025 को पर्यावरण स्वीकृति पुर्नमूल्यांकन (EC Re-appraisal) जारी की गयी है। इस पर्यावरण स्वीकृति की प्रति परिवेश की वेबसाइट https://parivesh.nic.in/ पर उपलब्ध है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत घाटरी पंचायत समिति भुसावर ,(भरतपुर)**

कमांकः लेखा/101 दिनाकः 17/09/25

**निविदा सूचना सं -02/2025-26**

ग्राम पंचायत घाटरी में स्वीकृत निर्माण कार्यो (संकर्मों) के लिए ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जिसकी अंतिम तिथि 24/09/2025 सायं 5 बजे तक है विस्तृत जानकारी https://sppp.rajasthan.gov.in/ तथा https:eproc.rajasthan.gov.in/ पर देखी व डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है

NIB Code:-ZBH2526A0415

UBN : ZBH2526WSOB00706

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत घाटरी — प्रशासक, ग्राम पंचायत घाटरी

## 'रिवीजन लॉन्ग स्टेम हिप इंप्लांट' में मिली शहर के चिकित्सको को सफलता

खबरों की दुनिया



**जयपुर ।** एसआरके हॉस्पिटल के चिकित्सको ने सफल 'रिवीजन लॉन्ग स्टेम हिप इंप्लांट' करके टोंक निवासी 43 वर्षीय मरीज को नया जीवन देने में सफलता हासिल की है। यह सफल सर्जरी हॉस्पिटल के जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. विकास गुप्ता के निर्देशन में की गई। डॉ. गुप्ता ने बताया कि मरीज की इससे पूर्व तीन बार हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी हो चुकी थी, जो कि असफल रही एवं मरीज का कूल्हा बार बार उतर जाता था। उन्होंने बताया कि सीटी स्कैन एवं अन्य जांचों में सामने आया कि पूर्व में की गई इंप्लांट की फिटिंग असफल थी, ऐसे में माल एलाइनमेंट ऑफ इंप्लांट होने के कारण सर्जरी कर इंप्लांट निकाला गया। इसके बाद रिवीजन लॉन्ग स्टेम हिप रिप्लेसमेंट के अंतर्गत बिना सीमेंट के बड़े साइज का इंप्लांट डाला गया। मरीज की सर्जरी ढाई घंटे चली एवं तीन दिन बाद उसे अपने पैरों पर चलाकर डिस्चार्ज कर दिया गया एवं अब मरीज पूरी तरह ठीक है। हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. राकेश शर्मा ने बताया कि अस्पताल में अत्याधुनिक तकनीक से लबरेज विश्वस्तरीय उपकरण के साथ ही एक्सपर्ट चिकित्सको की बड़ी टीम है, ऐसे में बेहतर परिणाम आने की संभावना बढ़ जाती है। यही वजह है कि ऐसे जटिल ऑपरेशन भी सफल होते है।

## यूबीई तकनीक पर एक्सपर्ट्स ने डाला प्रकाश



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** शहर के एलोपैथी चिकित्सको की ओर से चिकित्सा की नवीनतम तकनीकों को लेकर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसमें शहर के विभिन्न हिस्सों से विभिन्न क्षेत्रों के चिकित्सक शामिल हुए। जयपुर के प्रियुष न्यूरो हॉस्पिटल के सीनीयर न्यूरो सर्जन डॉ. योगेश गुप्ता ने यूबीई तकनीक के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वर्तमान में स्पाईनल समस्याओं से जुडी परेशानियों के समाधान के लिए उपलब्ध अत्याधुनिक तकनीकों में यूबीई सर्वश्रेष्ठ है। उन्होंने बताया कि यह एक मिनिमल इन्वेसिव सर्जरी है, यह एक लेप्रोस्कोपिक सर्जरी की तरह है जिसमें दो छेद के जरिये पूरे स्पाइन की सर्जरी आसानी से की जाती है, जिसमें एक छेद 5 एमएम और दूसरा छेद 8 एमएम का किया जाता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में नॉर्थ इंडिया में काफी कम सेंटर्स पर यह उपलब्ध है एवं परंपरागत तकनीक के मुकाबले बेहद सुरक्षित एवं सटीक है। डॉ. गुप्ता ने बताया कि इसमें कोई मसल इंजरी नहीं होती है एवं ना ही कोई बोन काटनी पडती है। यह एक फोर्थ जनरेशन एंडोस्कोपिक सर्जरी है एवं मरीज को उसी दिन ही या अगले दिन डिस्चार्ज कर दिया जाता है। सेमीनार के दौरान रेलवे हॉस्पिटल के चिकित्सकों एवं अन्य चिकित्सको ने भी अपने विचार रखे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत ढहलावास पं.सं. उमरैण (अलवर)**

क्रमांक : GP/2025-26/29 दिनांक : 17/09/2025

**ई-निविदा सूचना 03/2025-26**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ढहलावास के समस्त ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2025-26 मे घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक अनुभवी जी.एस.टी. पंजीकृत सक्षम निविदादाताओं/फर्मो से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा डाउनलोड एवं अपलोड करने की अंतिम तिथि व समय | दिनांक 17.09.2025 से 29.09.2025 सांय 6.00 बजे तक |
| पत्रावली की हार्ड कॉपी जमा कराने की अंतिम तिथि व समय | दिनांक 01.10.2025 दोपहर 12.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | दिनांक 01.10.2025 को दोपहर 02:00 बजे |

NIB : ZAL2526A1105

UBN : ZAL2526WSRC01984

प्रशासक, ग्राम पंचायत ढहलावास — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत ढहलावास

## भारतीय ज्ञान प्रणाली पर आयोजित तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन 12 देशो और 22 राज्यों के प्रतिभागियो ने लिया भाग

खबरों की दुनिया





**जयपुर।** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर में भारतीय ज्ञान प्रणाली के अध्ययन, प्रशिक्षण और शोध की चुनौतियाँ एवं समाधान विषय पर आयोजित त्रिदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन समारोह सम्पन्न हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता परिसर निदेशक प्रो. वाई. एस. रमेश ने की। सम्बोधित करते हुये कहा कि भारतीय संस्कृति विरोधियों को पराजित करने के लिए सर्वप्रथम भारतीय ज्ञान को जानना आवश्यक है। प्रत्येक व्यक्ति में एक अलग विशिष्टता और विशेष गुण विद्यमान हैं, जिन्हें पहचानने और विकसित करने की आवश्यकता है। बैंगलूर से पधारे अष्टावधानी डॉ.उमामहेश्वर एन ने भारतीय ज्ञान प्रणाली के विविध आयामों पर प्रकाश डालते हुए इसके पुनरुज्जीवन की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही उन्होंने संस्कृत पढ़ने वाले छात्रों के लिए उपलब्ध रोजगार के अवसरों की जानकारी भी दी। परिसर सह-निदेशक प्रो. बोध कुमार झा ने संगोष्ठी के शिक्षण, प्रशिक्षण और शोध इन तीनों बिन्दुओं पर विशेष जोर दिया तथा छात्रों को भारतीय ज्ञान की सुदीर्घ परम्परा से परिचित कराया। वरिष्ठ आचार्य प्रो. लोकमान्य मिश्र ने कहा कि प्राचीन काल में प्रचलित शास्त्र परम्परा आज भी उतनी ही प्रासंगिक है और समाज को दिशा देने वाली है। संगोष्ठी संयोजक डॉ. डमरूधर पति ने बताया कि इस अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में 22राज्यों तथा 12 देशो के प्रतिनिधियो ने भाग लिया 300 से अधिक शोध-पत्रों का वाचन हुआ। विद्वानों के गहन चिन्तन से प्राप्त आलेखों का संकलन पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया गया है, जो समाज के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। इस अवसर पर संगोष्ठी सचिव डॉ. कैलाश चन्द्र सैनी, सह संयोजक डॉ. प्रतिष्ठा शर्मा एवं डॉ. अंजू चौधरी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रो. श्रीधर मिश्र, प्रो. विष्णुकांत पाण्डेय, प्रो. शीशराम, डॉ. रानी दाधीच, डॉ. नमिता मित्तल, डॉ. सीमा अग्रवाल, डॉ. विनी शर्मा, डॉ. लक्ष्मी शर्मा, डॉ सुभाष चन्द्र, नरेश सिंह सहित सैकड़ों विद्वान एवं संस्कृतानुरागी उपस्थित रहे। अन्त में धन्यवाद ज्ञापन संगोष्ठी सह-संयोजिका डॉ. प्रतिष्ठा पुरोहित ने किया तथा कार्यक्रम का संचालन डॉ. मदन सिंह ने किया।

**कार्यालय सदस्य सचिव राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी, राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जखोड़ा (झुन्झुनूं)**

कमांक : 2025/181 दिनांक-18.09.2025

**निविदा सूचना 2025-26**

सर्व जन को सूचित किया जाता है कि राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जखोड़ा पर वितीय वर्ष 2025-26 के लिए निम्नांकित सेवायें ली जानी है। अतः इच्छुक पंजीकृत प्लेसमेंट एजेंसी / एनजीओ/पंजीकृत सेवा प्रदाता एजेन्सियों / पंजीकृत सेवा प्रदाता फर्म से मोहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ प्रपत्र दिनांक 19.09.2025 से कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा दिनांक 26.09.2025 को दोपहर 1.00 बजे तक जमा होगी व दिनांक 26.09.2025 को दोपहर 02.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष प्राप्त निविदा खोली जावेगी। निविदा में टेक्नीकल व फाइनेंशियल बिड अलग-अलग होगी व उन पर सम्बन्धित निविदा का नाम लिखा होना आवश्यक है।

| क्र सं | निविदा का विवरण | अनुमानित राशि | अमानित राशि | निविदा शुल्क | निविदा प्रपत्र विक्रय तिथि | निविदा जमा कराने की अंतिम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कम्प्यूटर सिस्टम मय प्रशिक्षित कार्मिक -1(एमएनडीवाई) अक्टुबर 2025 से फरवरी 2026 तक | 72500रू | 1450 रू | 200 | 19.09.2025 से 26.9.2025 दोपहर 12.00 बजे तक | 26.09.2025 दोपहर 1.00 बजे तक |
| 2 | साफ-सफाई का कार्य मय सामग्री (नॉन डिलेवरी पोईन्ट योजना) अक्टुबर 2025 से मार्च 2026 तक | 72000 रू | 1440 रू | 200 | 19.09.2025 से 26.9.2025 दोपहर 12.00 बजे तक | 26.09.2025 दोपहर 1.00 बजे तक |

निविदा के नियम व शर्तेः-


1. निविदा की नियम एवं शर्तो की अधिक जानकारी कार्यालय समय में आकर देखी जा सकती है।
2. निविदा फार्म कार्यालय समय में नकद / डीडी के द्वारा भुगतान किया जाकर प्राप्त किया जा सकता।
3. वित्तीय तथा तकनीकी निविदा अलग-अलग लीफाफे मे होनी चाहिए।
4. बोली प्रतिभूति राशि (अनुमानित लागत का 2 प्रतिशत) का भुगतान चैक / डीडी के द्वारा **मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी** जखोड़ा को देय होगा।
5. सोसायटी न्यूनतम दर वाली निविदा को स्वीकार करने हेतु बाध्य नहीं है तथा किसी भी निविदा या निविदा के किसी भाग को बिना बताये रद्द करने का अधिकार सोसायटी के पास सुरिक्षत रहेगा।

सदस्य सचिव राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी
रा.प्रा.स्वा.केन्द जखोड़ा (झुन्झुनू)

वक्त और राजनीति का पहिया- वक्त की अनंत शक्ति-राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संदर्भों में एक गहन विश्लेषण

# राजनीति में वक्त का महत्व बढ़ जाता है क्योंकि सत्ता, नेतृत्व और जनमत समय की धाराओं पर ही टिका रहता है


## वक्त ने कई बड़े नेताओं, दलों और विचारधाराओं को शिखर तक पहुँचाया और फिर उसी वक्त ने उन्हें ज़मीन पर ला दिया



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

वैश्विक स्तरपर मानव इतिहास गवाह है कि वक्त कभी किसी का स्थायी साथी नहीं रहा।वक्त हमेशा से मनुष्य की समझ और नियंत्रण से परे रहा है। यह किसी का सगा नहीं होता, यह न रुकता है और न ही किसी के लिए ठहरता है। राजनीति में वक्त का महत्व और भी बढ़ जाता है क्योंकि सत्ता,नेतृत्व और जनमत समय की धाराओं पर ही टिका रहता है। आज जब हम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय राजनीति के हालात देखते हैं, तो साफ प्रतीत होता है कि वक्त ने कई बड़े नेताओं, दलों और विचारधाराओं को शिखर तक पहुँचाया और फिर उसी वक्त ने उन्हें ज़मीन पर ला दिया। यही कारण है कि वक्त का पहिया हमेशा करवट बदलता रहता है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र ने अपने जीवन में देखा हूं कि जो साम्राज्य कभी अजेय माने जाते थे, वे धराशायी हो गए। जो नेता कभी अमर समझे जाते थे, वे इतिहास के पन्नों में फीके पड़ गए। राजनीति और सत्ता का हर खेल वक्त की ही मेहरबानी या बेरुख़ी पर आधारित है। वर्तमान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय राजनीति में यह कहावत और भी सटीक बैठती है कि 'वक्त कभी किसी का सगा नहीं होता, यह करवट बदलते ही शिखर को जमीन और जमीन को शिखर बना देता है।'

साथियों बात अगर हम वक्त कभी किसी का सगा नहीं किस पर अनुभव का राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय राजनीति का विश्लेषण करें तो (1)भारतीय राजनीति का दृष्टिकोण-भारतीय राजनीति इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। आज़ादी के बाद कांग्रेस का वर्चस्व इतना मजबूत था कि उसे 'नेचुरल पार्टी ऑफ गवर्नेंस' कहा जाने लगा। जवाहरलाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी और राजीव गांधी तक, कांग्रेस ने दशकों तक सत्ता पर एकछत्र शासन किया। परंतु वक्त ने करवट ली और 2014 के बाद कांग्रेस सत्ता से दूर होती चली गई।आज वही भारतीय जनता पार्टी,जो 1980-90 के दशक में सीमित सीटों तक सिमटी थी, राष्ट्रीय राजनीति की धुरी बन चुकी है। नरेंद्र मोदी का नेतृत्व आज भारतीय राजनीति की सबसे बड़ी ताकत है। लेकिन यह भी सच है कि वक्त कभी किसी का सगा नहीं होता। जिस तरह कांग्रेस सत्ता से गिर गई, उसी तरह भविष्य में भाजपा को भी यही चुनौती झेलनी पड़ सकती है। (2) अंतरराष्ट्रीय राजनीति-अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप का उदाहरण बेहद प्रासंगिक है। 2016 में उन्होंने सबको चौंकाते हुए राष्ट्रपति पद जीता और खुद को अमेरिका का 'परम नेता' मान बैठे। लेकिन 2020 में वे हार गए और उन्हें सत्ता छोड़नी पड़ी। यही नहीं, 6 जनवरी 2021 को कैपिटल हिल पर उनके समर्थकों की हिंसा ने उनकी छवि को और धूमिल कर दिया।लेकिन आज 2025 में ट्रंप फिर से वापसी कर रहे हैं। यही वक्त की असली तस्वीर है -यह न तो स्थायी हार देता है और न स्थायी जीत। (3) रूस-यूक्रेन युद्ध भी इस कथन को चरितार्थ करता है। व्लादिमीर पुतिन ने 2022 में युद्ध छेड़ा था, उम्मीद थी कि कुछ ही दिनों में यूक्रेन रूस के सामने घुटने टेक देगा। लेकिन वक्त ने करवट ली और वही युद्ध रूस के लिए दलदल बन गया। रूस की अर्थव्यवस्था को प्रतिबंधों ने कमजोर किया और पुतिन की छवि पर भी गहरा असर पड़ा।(4) मध्य-पूर्व का परिप्रेक्ष्य- इज़राइल-फ़िलिस्तीन संघर्ष भी दिखाता है कि वक्त कभी किसी का नहीं होता। कभी इज़राइल को अजेय माना जाता था, लेकिन 2023-24 के गाज़ा संघर्ष ने उसकी छवि को धक्का पहुँचाया। वहीं फ़िलिस्तीनी मुद्दा जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दब चुका था, आज फिर से प्रमुख हो गया।




साथियों बात कर हम वक्त का पहिया हमेशा एक जैसा नहीं रहता राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय नेताओं से विश्लेषण अनुभव के आधार पर करें तो(1)भारत के नेताओं का उत्थान-पतन-भारत में लाल बहादुर शास्त्री का अचानक प्रधानमंत्री बनना और 'जय जवान जय किसान' के नारे से अमर हो जाना दर्शाता है कि वक्त का पहिया कब किसे उठाए, कहा नहीं जा सकता। वहीं इंदिरा गांधी का 'आयरन लेडी' बनना और फिर आपातकाल में गिरती लोकप्रियता दिखाती है कि सत्ता का समय सदा समान नहीं रहता। नरेंद्र मोदी का वर्तमान वक्त सुनहरा है। वे न केवल भारत बल्कि दुनियाँ के सबसे लोकप्रिय नेताओं में शुमार हैं। अभी उनका हाल ही में 17 सितंबर 2025 को 75वें जन्मदिवस पर दुनिया भर से शुभकामनाएं आईं. आम जनता से लेकर अंतरराष्ट्रीय नेताओं और आध्यात्मिक गुरुओं तक, सभी ने प्रधानमंत्री को दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए उनके नेतृत्व की सराहना की है। लेकिन राजनीति में यह स्थायी नहीं। विपक्ष का उभार, जनमत का बदलाव और वैश्विकपरिस्थितियाँ भविष्य में उनकी चुनौती बन सकती हैं। (2)अंतरराष्ट्रीय राजनीति में उदाहरण-बराक ओबामा का दौर 'येस वी कैन' और उम्मीद का प्रतीक था। परंतु उसी अमेरिका ने 2016 में ट्रंप को चुना, जिन्होंने बिल्कुल उलटी नीतियाँ अपनाईं। यह वक्त के पहिए का सटीक उदाहरण है। ब्रिटेन में बोरिस जॉनसन कभी ब्रेक्ज़िट के नायक माने गए, लेकिन कोविड-19 कीअव्यवस्था और पार्टीगेट स्कैंडल ने उनका राजनीतिक करियर खत्म कर दिया। जर्मनी में एंजेला मर्केल का 16 साल का लंबा शासन खत्म हुआ और एक नए युग की शुरुआत हुई। यह दर्शाता है कि सत्ता कितनी भी मज़बूत क्यों न लगे, वक्त का पहिया उसे बदल ही देता है।

साथियों बात अगर हम वक्त का पहिया कैसे करवट बदल लेता है, अतीत और वर्तमान का तुलनात्मक विश्लेषण करें तो (1)भारत का बदलाव-1950 -70 के दशक का भारत गरीबी, विदेशी तकनीक और आयात पर निर्भर था। लेकिन 1991 की आर्थिक उदारीकरण की करवट ने भारत को बदल दिया। आज वही भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर है।नेहरू के भारत और मोदी के भारत में फर्क यही वक्त का खेल है। पहले पंचवर्षीय योजनाएँ राजनीति की धुरी थीं, आज डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और मेक इन इंडिया नए भारत की पहचान हैं।(2)विश्व राजनीति का बदलाव-(अ) सोवियत संघ कभी महाशक्ति था, लेकिन 1991 में उसका विघटन हो गया। अमेरिका, जो वियतनाम युद्ध में हार चुका था, वही शीत युद्ध का विजेता बन गया। चीन, जो 1970 में पिछड़ा हुआ था, आज अमेरिका को चुनौती दे रहा है।(ब)अरब देशों का तेल साम्राज्य भी वक्त के पहिए का शिकार हो रहा है। कभी पेट्रोलियम उनकी शक्ति था, आज नवीकरणीय ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहन उनके प्रभुत्व को चुनौती दे रहे हैं।(स)आधुनिक युग में वक्त की गति-21वीं सदी में वक्त का बदलाव और तेज़ हो गया है। सोशल मीडिया, न्यूज़ और कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने राजनीति को पल-पल बदलने वाला खेल बना दिया है। आज एक ट्वीट या वायरल वीडियो किसी नेता का राजनीतिक करियर बना सकता है या बिगाड़ सकता है। 2024-25 के चुनावों में हमने देखा कि डिजिटल कैंपेन और सोशल मीडिया ट्रेंड्स ने नीतियों से बहुत ज्यादा असर डाला।

साथियों बात अगर हम वक्त के पहिए का हम खुद अपने पुराने और आज के वक्त का ही विश्लेषण कर ले कि कुछ साल या दशक पूर्व हम क्या थे और अब क्या हैं, तो हमें पता चल ही जाएगा कि वक्त कभी एक सा नहीं रहता, इतना ही नहीं अगर हम अपने ही समाज या पीढ़ियों का विश्लेषण करें तो हमें अंदाज लग जाएगा कि वक्त का पहिया कैसे घूमकर बदलते रहता है इसलिए ही बड़े बुजुर्गों का कहना हैं, समय-समय की बात है आज तुम्हारा समय है कल हमारा समय भी आएगा। हम हमारे शहर जिले राज्य या राष्ट्र की स्थिति देखें, तो हमें ऐसे कई उदाहरण मिल जाएंगे, अपने को बड़े शहंशाह, तीरंदाज कहने मानने वाले लोगों को भी हमने लाचार, तारतार होते देखा होगा, जिनके पास बेशुमार, दौलत पावर था और सबकुछ खरीद सकते थे परंतु वक्त का पहिया ऐसा फिसला कि उनका पैसा, पावर सब कुछ जमींदरोज़ हो गया और पैसे पैसे को मोहताज हो गए, हमने सुना ही नहीं अपनी आंखों से देखा भी जरूर होगा या फिर हमें यह अपने उम्र के बढ़ते चढ़ाव पर देखने को जरूर मिल जाएगा।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे किराजनीति में वक्त ही असली निर्णायक है। वक्त कभी किसी का सगा नहीं होता। यह शिखर को ज़मीन और ज़मीन को शिखर बना देता है। भारत, अमेरिका, रूस, चीन, यूरोप, मध्य-पूर्व-हर जगह यह सिद्धांत समान रूप से लागू होता है।नेताओं और राष्ट्रों को यह समझना चाहिए कि सत्ता और लोकप्रियता क्षणिक हैं। स्थायी केवल परिवर्तन है। इसीलिए यह याद रखना ज़रूरी है कि वक्त का पहिया हमेशा घूमता है और राजनीति का हर समीकरण उसी के हिसाब से बदलता है।

**(ये लेखक के अपने विचार है)**

प्रसवोत्तर देखभालः माँ का साथ सास से ज्यादा कारगर

# माँ की गोद में मिलती सुरक्षा, सास की भूमिका पर उठे सवाल



प्रियंका सौरभ
कवयित्री, स्वतंत्र पत्रकार

**अध्ययन बताते हैं कि प्रसव के बाद महिलाओं की देखभाल करने में सास की तुलना में उनकी अपनी माँ कहीं अधिक सक्रिय और संवेदनशील रहती हैं। लगभग 70 प्रतिशत प्रसूताओं को नानी से बेहतर सहयोग मिला, जबकि मात्र 16 प्रतिशत को सास से सहायता मिली। यह बदलाव संयुक्त परिवारों के टूटने और आधुनिक सोच का परिणाम है। नानी का भावनात्मक जुड़ाव और मातृत्व का अनुभव बेटी के लिए सहारा बनता है। हालांकि सास की भूमिका कमजोर पड़ना पारिवारिक संतुलन के लिए चुनौती है। ज़रूरी है कि माँ और सास दोनों मिलकर जिम्मेदारी निभाएँ।**

भारतीय समाज में परिवार की भूमिका जीवन के हर पड़ाव पर महत्वपूर्ण होती है। जब घर में नया जीवन जन्म लेता है, तब यह जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। प्रसव एक ऐसा समय है जब महिला शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से बेहद कमजोर होती है। उसे सिर्फ चिकित्सकीय सहायता ही नहीं, बल्कि गहरे स्तर पर देखभाल, सहारा और संवेदनशीलता की ज़रूरत होती है। परंपरागत रूप से यह जिम्मेदारी संयुक्त परिवारों में सास की मानी जाती थी, लेकिन बदलते दौर और सामाजिक संरचना के कारण यह भूमिका अब धीरे-धीरे माँ यानी नानी की ओर स्थानांतरित हो रही है। हाल ही में किए गए एक अध्ययन में यह स्पष्ट हुआ है कि प्रसव के बाद महिलाओं को अपनी सास की तुलना में अपनी माँ से कहीं अधिक देखभाल और सहयोग मिलता है।

यह तथ्य कई स्तरों पर सोचने को मजबूर करता है। एक ओर यह माँ और बेटी के रिश्ते की गहराई और भावनात्मक मजबूती को दर्शाता है, वहीं दूसरी ओर यह सवाल भी उठाता है कि सास जैसी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली महिला इस प्रक्रिया में पीछे क्यों रह गई है। अध्ययन में पाया गया कि प्रसवोत्तर देखभाल में लगभग 70 प्रतिशत महिलाओं को उनकी अपनी माँ से सहयोग मिला, जबकि मात्र 16 प्रतिशत महिलाओं की देखभाल उनकी सास ने की। यह आँकड़ा अपने आप में बहुत कुछ कह जाता है।

बेटी और माँ का रिश्ता हमेशा से भरोसे और आत्मीयता पर आधारित रहा है। प्रसव के बाद महिला अपने जीवन के सबसे नाजुक दौर से गुजरती है। उसका शरीर थका हुआ और कमजोर होता है, मानसिक रूप से वह असुरक्षा और चिंता का सामना करती है। ऐसे समय में वह सबसे पहले अपनी माँ के पास सहजता से जाती है। माँ न केवल उसकी तकलीफ को तुरंत समझती है बल्कि धैर्य और प्यार से उसका मनोबल भी बढ़ाती है। हर माँ ने मातृत्व का अनुभव किया होता है, इसलिए उसे पता होता है कि उसकी बेटी किन शारीरिक और मानसिक अवस्थाओं से गुजर रही है। यही वजह है कि बेटी अपनी असली माँ की देखभाल को सबसे भरोसेमंद मानती है।

इसके विपरीत सास-बहू का रिश्ता भारतीय समाज में अक्सर औपचारिकताओं और अपेक्षाओं से घिरा होता है। बहू अपनी सास के सामने उतनी सहजता महसूस नहीं कर पाती। कई बार पीढ़ियों का अंतर भी इस दूरी को और बढ़ा देता है। सास का सोचने का तरीका पुराने अनुभवों पर आधारित होता है, जबकि आज की पीढ़ी की महिलाएँ आधुनिक चिकित्सा और नई जानकारी पर अधिक भरोसा करती हैं। जब बहू को लगे कि उसकी ज़रूरतों को पूरी तरह समझा नहीं जा रहा है, तो वह अपनी माँ की ओर झुक जाती है। यही वजह है कि प्रसव के समय सास की तुलना में नानी की भूमिका अधिक अहम दिखाई देती है।

इस बदलाव के पीछे एक और बड़ा कारण है संयुक्त परिवारों का टूटना और एकल परिवारों का बढ़ना। पहले प्रसव के समय बहू अपने ससुराल में ही रहती थी और पूरे परिवार की महिलाएँ उसकी देखभाल करती थीं। सास इस देखभाल की मुख्य जिम्मेदार मानी जाती थी। लेकिन अब परिस्थितियाँ बदल चुकी हैं। अधिकतर बेटियाँ प्रसव के समय मायके चली जाती हैं। वहाँ नानी स्वाभाविक रूप से जिम्मेदारी संभाल लेती है। यह प्रथा समाज में इतनी गहराई से जड़ पकड़ चुकी है कि अब यह लगभग सामान्य मान ली जाती है।

यह बदलाव कई दृष्टियों से सकारात्मक भी है। प्रसव के बाद महिला को भावनात्मक सुरक्षा मिलना बहुत ज़रूरी है। जब उसके पास उसकी अपनी माँ होती है, तो उसे मानसिक सुकून मिलता है। कई शोध बताते हैं कि प्रसवोत्तर अवसाद का खतरा उन महिलाओं में कम होता है जिन्हें अपनी माँ से पर्याप्त सहयोग मिलता है। नानी के अनुभव का लाभ शिशु को भी मिलता है। शिशु को समय पर स्तनपान कराना, उसकी सफाई और टीकाकरण जैसे छोटे-छोटे लेकिन महत्वपूर्ण कामों में नानी की भूमिका बहुत कारगर साबित होती है। इस दृष्टि से देखा जाए तो यह प्रवृत्ति माँ और शिशु दोनों के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है।

लेकिन इस तस्वीर का दूसरा पहलू भी है। जब सास की भूमिका कमजोर पड़ती है तो पारिवारिक संतुलन प्रभावित होता है। बहू और सास के रिश्ते में दूरी और बढ़ सकती है। यह दूरी सिर्फ देखभाल तक सीमित नहीं रहती बल्कि परिवार की सामंजस्यपूर्ण संस्कृति पर भी असर डाल सकती है। आखिरकार सास भी खुद कभी इस प्रक्रिया से गुज़री होती है और उसके अनुभव की अहमियत को पूरी तरह नकारा नहीं जा सकता। अगर उसका अनुभव और स्नेह इस प्रक्रिया में शामिल न हो, तो यह न केवल उसके लिए निराशाजनक होता है बल्कि बहू और शिशु दोनों उस सहयोग से वंचित रह जाते हैं जो उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा दे सकता है।

यहाँ यह समझना ज़रूरी है कि प्रसवोत्तर देखभाल किसी एक व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं है। यह पूरे परिवार की सामूहिक जिम्मेदारी है। अगर माँ और सास दोनों मिलकर इस दायित्व को निभाएँ, तो महिला को दोगुना सहयोग मिलेगा। यह स्थिति न केवल प्रसूता महिला के लिए बेहतर होगी बल्कि शिशु के लिए भी अधिक लाभकारी होगी। इसके अलावा, परिवार के भीतर रिश्तों की मिठास और विश्वास भी बढ़ेगा।

समाज को भी यह समझना होगा कि प्रसव जैसे समय में महिला को सिर्फ शारीरिक मदद ही नहीं बल्कि मानसिक सहारा और भावनात्मक सहयोग भी चाहिए। अगर महिला को लगे कि उसकी सास भी उसके दर्द और ज़रूरतों को समझती है, तो उसका आत्मविश्वास और बढ़ेगा। इसी तरह, अगर सास-बहू के बीच संवाद और विश्वास का रिश्ता मजबूत हो, तो देखभाल का संतुलन अपने आप स्थापित हो जाएगा।

आज जब स्वास्थ्य सेवाओं और सरकारी योजनाओं की पहुँच बढ़ रही है, तब परिवार की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। अस्पताल और डॉक्टर अपना काम कर सकते हैं, लेकिन प्रसवोत्तर देखभाल का असली दायित्व घर और परिवार पर ही रहता है। परिवार के भीतर यह जिम्मेदारी अगर संतुलित ढंग से बाँटी जाए तो इसका लाभ सीधा माँ और शिशु दोनों को मिलेगा।

इसलिए यह आवश्यक है कि इस विषय पर जागरूकता बढ़ाई जाए। परिवारों को समझाया जाए कि प्रसवोत्तर देखभाल किसी प्रतिस्पर्धा का विषय नहीं है-यह माँ बनाम सास की लड़ाई नहीं है। बल्कि यह माँ और सास दोनों का संयुक्त दायित्व है। दोनों का अनुभव और स्नेह मिलकर प्रसूता महिला को वह सुरक्षा प्रदान कर सकता है, जिसकी उसे सबसे अधिक आवश्यकता होती है।

'सास से ज्यादा माँ की देखभाल बेहतर' यह शीर्षक समाज में एक बदलते रुझान का दर्पण है। यह रुझान बताता है कि प्रसव जैसे संवेदनशील समय में महिला अपनी असली माँ को ज़्यादा भरोसेमंद और सहयोगी मानती है। लेकिन आदर्श स्थिति वही होगी जब सास और माँ दोनों मिलकर यह जिम्मेदारी निभाएँ। यह न केवल प्रसूता महिला के स्वास्थ्य और मानसिक शांति के लिए अच्छा होगा, बल्कि शिशु की परवरिश और पारिवारिक रिश्तों के सामंजस्य के लिए भी लाभकारी सिद्ध होगा। आखिरकार, स्वस्थ माँ और स्वस्थ शिशु ही स्वस्थ समाज की नींव रखते हैं।

**(ये लेखिका के अपने विचार है)**

# वैश्विक लोकप्रियता के शीर्ष पर प्रधानमंत्रीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सफल विदेश नीति, बढ़ता वैश्विक प्रभाव



संजीव ठाकुर
लेखक व चिंतक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति ने एक नई दिशा और ऊर्जा प्राप्त की है। आज भारत केवल दक्षिण एशिया तक सीमित नहीं, बल्कि वैश्विक मंच पर एक सशक्त और निर्णायक आवाज़ बनकर उभरा है। मोदी जी की सरकार ने 'पड़ोसी पहले' की नीति से लेकर 'एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य' के विचार तक, विश्व को भारतीय दृष्टिकोण से जोड़ने का प्रयास किया है। जी-20 शिखर सम्मेलन की सफल मेज़बानी ने भारत की कूटनीतिक शक्ति और आयोजन क्षमता को सिद्ध किया। वहीं, अमेरिका, रूस, फ्रांस और जापान जैसे देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी गहरी हुई है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत की सक्रिय भूमिका, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आतंकवाद के खिलाफ सख़्त रुख और ऊर्जा सुरक्षा से लेकर तकनीकी सहयोग तक भारत की प्राथमिकताओं को स्पष्ट रूप से सामने रखती है।

**लोकप्रियता में विश्व के शीर्ष पर मोदी जी –**

भारत की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी आज केवल भारत के नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेताओं में गिने जाते हैं। अनेक वैश्विक सर्वेक्षणों में उन्हें लगातार नंबर एक स्थान मिलना इस बात का प्रमाण है कि उनकी छवि सीमाओं से परे जाकर विश्वजन तक पहुँची है। मोदी की लोकप्रियता का रहस्य केवल उनकी सशक्त नीतियों में नहीं, बल्कि उनके जन-संपर्क कौशल और सशक्त नेतृत्व में निहित है। अमेरिका से लेकर ऑस्ट्रेलिया और जापान से लेकर खाड़ी देशों तक, जहाँ भी मोदी जाते हैं, भारतीय प्रवासी ही नहीं, स्थानीय नागरिक भी उन्हें उत्साह से स्वागत करते हैं।

विदेश नीति हमेशा चर्चा में रही है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में इसकी दिशा और धारा बदल गई है। अब भारत केवल दूर का दर्शक नहीं, बल्कि निर्णायक भूमिका निभाने वाला देश बन गया है। यही वजह है कि मोदी सरकार की विदेश नीति को अक्सर 'बहु-संतुलन' (मल्टी एलाइनमेंट)कहा जाता है।

**पड़ोसियों से रिश्ते की पहल –**

मोदी जी ने 2014 में शपथ लेते ही सभी शार्क देशों के प्रमुखों को आमंत्रित कर पड़ोस को प्राथमिकता दी थी और बहुत ही सौहाद्रता पूर्वक रिश्ता बनाने की पहल की थी। बांग्लादेश के साथ भूमि सीमा समझौता, नेपाल में राहत कार्य और श्रीलंका-मालदीव से रिश्तों की मजबूती ने भारत की छवि को निखारा। 1947 में स्वतंत्रता के बाद से पाकिस्तान के साथ रिश्ते जरूर तनावपूर्ण रहे हैं, पाकिस्तान अपनी आतंकवादी गतिविधियों से बाज नहीं आने के कारण भारत के हमेशा निशाने पर रहा है और अनेक युद्ध हारने के बाद भी वह आतंकवादियों को लगातार वित्तीय पोषण कर रहा है लेकिन आतंकवाद के मुद्दे पर भारत ने उसे वैश्विक मंच पर अलग-थलग करने में सफलता पाई और संयुक्त राष्ट्र संघ के कई मंचों पर भारत ने पाकिस्तान को फटकार लगाई है इसके अलावा उसकी आतंकवादी गतिविधियों को पूरे विश्व के सामने उजागर भी कर दिया है।

**अमेरिका, रूस चीन और पश्चिमी देशों से बराबरी के रिश्ते –**

मोदी की विदेश नीति का सबसे अहम पहलू यह है कि भारत ने हर ध्रुव से संबंध मज़बूत किए। अमेरिका के साथ रणनीतिक साझेदारी और क्वाड रूस से ऊर्जा और हथियार सहयोग। यूरोप, खासकर फ्रांस के साथ रक्षा सहयोग यानी भारत ने संतुलन बनाए रखा और किसी एक खेमे पर निर्भर नहीं रहा। नाटो के देशों के राष्ट्र प्रमुखों से भारत के प्रधानमंत्री के रिश्ते काफी मजबूत एवं दोस्ताना है, इसराइल फ्रांस कनाडा ब्रिटेन इटली भारत को अपना सच्चा हितैषी और अभिन्न मित्र मानते हैं यह मोदी जी की कूटनीतिक बड़ी सफलता है।

**चीन से रिश्ते किंतु सतर्क भारत –**

चीन के साथ व्यापार तो बढ़ा, लेकिन डोकलाम और गलवान जैसी घटनाओं ने रिश्तों को कठिन बनाया। इसके जवाब में भारत ने क्वाड और इंडो-पैसिफिक रणनीति के ज़रिए चीन को संतुलित करने की कोशिश की।

2023 में दिल्ली में हुए G20 शिखर सम्मेलन ने भारत की कूटनीति को नई ऊँचाई दी। अफ्रीकी संघ को G20 का स्थायी सदस्य बनवाने में भारत की पहल को दुनिया भर में सराहा गया। यह संदेश साफ था कि भारत केवल अपने लिए नहीं, बल्कि विकासशील देशों के लिए भी नेतृत्व कर रहा है। अमेरिका में मैडिसन स्क्वायर गार्डन 'हाउडी मोदी' जैसे कार्यक्रमों ने प्रवासी भारतीयों को गर्व का अहसास कराया। योग और आयुर्वेद को दुनिया भर में लोकप्रिय बनाना भारत की सांस्कृतिक ताकत को दर्शाता है।

भारत के सामने चुनौतियां अभी बाकी है भारत की विदेश नीति कई मायनों में सफल रही है। चीन में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन की महत्वपूर्ण मीटिंग में भारत के प्रधानमंत्री मोदी जी ने चीन के राष्ट्रपति से जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ जो गठबंधन किया है उससे विदेश नीति में एक नए युग का सूत्रपात हुआ है उससे यह तो स्पष्ट हो गया है कि भारत चीन और रूस यदि एक साथ हो जाए तो अमेरिका तथा नाटो देश इन्हें चुनौती नहीं दे सकते है। इसके बावजूद में भविष्य में चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं चीन के साथ सीमा विवाद अभी भी है हालांकि इसका प्रभाव काफी कम हुआ है किंतु पाकिस्तान की जिद और अमेरिका को पाकिस्तान जैसे आतंकवादी देश को अपने पक्ष में करने से दक्षिण एशिया में तनाव की स्थिति पैदा हो सकती है। पड़ोसी देशों में चीन का बढ़ता प्रभाव भारत के लिए चिंता का कारण हैं। कुल मिलाकर, प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति ने भारत की छवि को स्पष्ट एवं पारदर्शी बनाकर वैश्विक देशों को अपनी और आकर्षित किया है। अब भारत विश्व गुरु और आर्थिक सामरिक तथा वैज्ञानिक वैश्विक शक्ति दोनों के रूप में उभर रहा है। दुनिया का कोई भी बड़ा फैसला भारत की भागीदारी के बिना पूरा नहीं हो सकता है। यही मोदी जी की सरकार की विदेश नीति की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

**(ये लेखक के अपने विचार है)**

## भगवान विश्वकर्मा जयंती मनाई धूमधाम से



**खबरों की दुनिया**

निवाई। राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय निवाई में विश्वकर्मा जयंती मनाई गई। जिसको लेकर भगवान विश्वकर्माजी की पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विनीता मीणा व रुचि सिरोठा ने कई महत्वपूर्ण मुददों की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर संस्थान के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डॉ. केएन मोदी विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को कैरियर, शिक्षा व भारतीय संस्कृति के बारे में किया जागरूक

**खबरों की दुनिया**

**निवाई।** डॉ. केएन मोदी विश्वविद्यालय में कैरियर काउंसिल के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टोंक के कक्षा 9 से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विश्वविद्यालय के पीआरओ ठा. तनुज सैंगर ने बताया कि विश्वविद्यालय में टोंक के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को कैरियर, शिक्षा व भारतीय संस्कृति के बारे में जागरूक किया जाता है। जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को भविष्य मे शिक्षा संबंधी परेशानियों को आसानी से दूर करने की प्रतिभा जागरूक होती है। कार्यक्रम में एडमिशन विभाग के प्रमुख आकाश सारस्वत द्वारा विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय का भ्रमण कराया एवं प्रत्येक संचालित



विभागों की गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान शिक्षकों व विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रो-प्रेसिडेंट प्रोफेसर डॉ. सुनील कुमार, रजिस्ट्रार डॉ. धीरज पांडे, आईटी विभागाध्यक्ष अनुज तिवारी, डीन डॉ. जेपी दूबे, अनुप्रयुक्त विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. विध्या नायर, एडमिशन विभाग के भागचंद शर्मा, हरीश गौतम, कमलेश, कल्पना यादव, मजहर व धोलूराम सहित सभी कर्मचारी व अधिकारी मौजूद थे।

खबरों की दुनिया

**एक नजर**

## विजेता खिलाड़ियों का विद्यालय ने किया सम्मान



खबरों की दुनिया

**धौलपुर ।** पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय सिटी कोतवाली में 69 वीं जिला स्तरीय बालक एवं बालिका विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता द्वितीय समूह के विजेता खिलाड़ियों का प्रधानाचार्य श्रीमती रमन परमार एवं विद्यालय के शिक्षकों द्वारा सम्मान किया गया?।

वरिष्ठ शारीरिक शिक्षा अजय बघेल ने बताया कि हॉकी में 17 एवं 19 वर्ष बालक वर्ग में विद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ताइक्वांडो प्रतियोगिता में 5 गोल्ड 2 सिल्वर मेडल्स प्राप्त किए। हॉकी 17 एवं 19 वर्ष बालिका वर्ग में विद्यालय प्रथम स्थान प्राप्त किया। ताइक्वांडो में 6 गोल्ड 2 सिल्वर मेडल भी प्राप्त किए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य रमन परमार ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि खेलों में भी बेहतर भविष्य का निर्धारण किया जा सकता है। उन्होंने सभी विजेता खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में जिले का नाम गौरव करने की बात कही । इस अवसर पर विद्यालय के शारीरिक शिक्षक अजय बघेल, जितेंद्र परमार, कमल किशोर, पूर्णिमा शर्मा, शिव सिंह, किरण गोगोई, संतोष माथुर, महेश प्रभाकर, गीता शर्मा, चंचल, राकेश राठौर, अनिल उपाध्याय, दिलीप सिंह, भानु परमार, संध्या बघेल, आशा, नीतू, सुशीला एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत



### परिजनों का आरोप आबकारी विभाग ने की द्वेषतापूर्ण कार्रवाई

खबरों की दुनिया

**धौलपुर ।** कौलारी थाना क्षेत्र के परौआ गांव में अवैध शराब कारोबारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामले ने तूल पकड़ लिया लेकिन जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हो गया और परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम करवा लिया।

परिजनों ने आबकारी विभाग की टीम पर निजी लोगों के साथ मिलकर द्वेषतापूर्ण कार्रवाई करने और अवैध शराब कारोबारी राजेंद्र की मौत का आरोप लगाया है।

उधर मृतक के परिजन सुबह तक पोस्टमॉर्टम कराने को तैयार नहीं थे। मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने मांग की कि देर रात कार्रवाई करने वाली टीम के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जाए, तभी वे पोस्टमॉर्टम कराएंगे। अपनी मांगों को लेकर बड़ी संख्या में परिजन और ग्रामीण मोर्चरी पहुंचे, जहां पुलिस उपाधीक्षक मुनेश मीणा ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन सहमति नहीं बन पाई। इसके बाद परिजन और ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे जहां जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान से मुलाकात की। उन्होंने मामले में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। एसपी ने उन्हें उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। एसपी ने बताया कि जिन निजी लोगों पर परिजन आरोप लगा रहे हैं, उनके खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, आबकारी विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा की गई कार्रवाई की भी जांच की जाएगी। यदि जांच में कोई अधिकारी या कर्मचारी दोषी पाया जाता है, तो उनके खिलाफ भी मामला दर्ज किया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक के आश्वासन के बाद परिजन और ग्रामीण पोस्टमॉर्टम कराने पर सहमत हुए। सहमति बनने के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

वहीं जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय भाजपा नेता डॉक्टर शिवचरण कुशवाह एवं नेता रामहेत सिंह कुशवाह पहुंचे जिन्होंने निष्पक्ष जांच कराने के साथ साथ दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## सचिव रेखा यादव ने किया बाल संप्रेषण एवं किशोर गृह का आकस्मिक निरीक्षण



**धौलपुर(खबरों की दुनिया) ।** सदस्य सचिव राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश अरुण कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश रेखा यादव ने राजकीय बाल संप्रेषण एवं शिशु गृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 11 विधि से संघर्षरत एवं 1 देखरेख एवं संरक्षण बालक उपस्थित मिले। सचिव ने बाल अपचारियों के अध्ययन, उनको मिलने वाली मूलभूत सुविधाएं, शौचालय एवं स्नानघर की साफ-सफाई आदि के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण दौरान एक बालक देखरेख एवं संरक्षण का मिला उसके बारे में भी जानकारी प्राप्त की उसके बाद सचिव ने विधि से संघर्षरत बालकों से उनके प्रकरणों के बारे में जानकारी ली एवं एक-एक कर उनके प्रकरणों के बारे में पूछा, सचिव ने बाल अपचारियों से अपने प्रतिदिन की दिनचर्या के बारे में जानकारी प्राप्त की, बालकों ने बताया कि हमारे यहां योगा टीचर आते हैं। सचिव ने बालकों से योग के फायदों के बारे में पूछा तो बालकों ने बताया कि योग करने से पूरा दिन स्वस्थ रहता है, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य भी ठीक रहता है सचिव ने नाश्ते के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण दौरान सचिव ने बालकों से उनकी कक्षाओं के बारे में भी जानकारी ली तो कुछ बालकों ने 11वीं एवं 12वीं कक्षा की पढ़ाई के बारे में बताया। सचिव ने बच्चों से किताबों की भी जानकारी ली एवं साथ ही निर्देशित किया कि अगर किसी बच्चे को किताबों की आवश्यकता है तो उन्हें किताबें उपलब्ध करवाएं। सचिव ने बालकों को जेल से बाहर जाने के बाद अपराधों से दूर रहकर अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट नीतू सहित अन्य उपस्थित रहे।

# पूर्व वित्त मंत्री व गृहमंत्री प्रद्युम्न सिंह का हर्षोल्लास के साथ मनाया 88 वां जन्मदिन

### रक्तदान शिविर में लोगों ने लिया बढ़-चढ़कर भाग

खबरों की दुनिया





**धौलपुर ।** गुरुवार को राजाखेड़ा से पूर्व विधायक, पूर्व वित्त मंत्री व गृहमंत्री व राजस्थान राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष रहे प्रद्युमन सिंह का 88 वां जन्मदिन राजाखेड़ा में मनाया गया। इस दौरान स्थानीय जैन धर्मशाला में विशाल रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें विधायक रोहित बोहरा के साथ जिला प्रमुख प्रतिनिधि अजय पाल सिंह, मोनू जादौन, रवि सिकरवार, अजीत पुरोहित, नवल सिंह आदि लोगों के साथ महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। शिविर में 110 यूनिट रक्तदान किया गया।

**नगर पालिका अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह जादौन ने कहा रक्तदान एक तरह का जीवनदान है...**

इस अवसर पर राजाखेड़ा नगर पालिका अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह जादौन ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे द्वारा किया गया रक्तदान एक तरह का जीवनदान है, रक्तदान करने से समय पर किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को अधिक से अधिक रक्तदान करना चाहिए और इस प्रकार के सामाजिक सरोकार के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान से शरीर तो स्वस्थ रहता ही है साथ ही किसी जरूरतमंद व्यक्ति को समय पर रक्त भी मिल सकता है। कार्यक्रम के दौरान राजाखेड़ा विधायक रोहित बोहरा के साथ कांग्रेस नेता प्रदीप बोहरा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष साकेत बिहारी शर्मा, राजाखेड़ा प्रधान प्रतिनिधि राजकुमार तोमर, गणेश मुद्गल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## समर्थ धौलपुर अभियान होगा शुरू

**धौलपुर ।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बी.टी के द्वारा जिले में नवाचार के रूप में समर्थ धौलपुर अभियान शुरू किया जा रहा है इस अभियान के तहत जिले में 13 शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा दिव्यांगजनों व वरिष्ठ नागरिकों के लिए कृत्रिम अंग महायक उपकरण हेतु चिन्हीकरण किया जायेगा। अभियान के तहत नगर पालिका राजाखेड़ा मैं 19 सितंबर को प्रातः 10 बजे से 5.30 बजे तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। वरिष्ठ नागरिकों हेतु आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, पेंशन पीपीओ या 1.80 लाख से कम का वार्षिक आय प्रमाण पत्र, वरिष्ठ नागरिकों को दिये जाने वाले यंत्र (कान की मशीन, स्टीक, कमर की वैल्ट, घुटने की वैल्ट, मर्वाइकल कौलर, वॉकर, ट्राइपोर्ड, बॉकिंग स्टीक) आदि हेतु चिन्हीकरण किया जायेगा।

## महिलाओं ने शराब की दुकान पर किया धरना प्रदर्शन

### भजन गीत गाकर किया विरोध

खबरों की दुनिया



**मनियां ।** मनियां क्षेत्र में कमलापुरा रोड पर स्थित अंग्रेजी शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर महिलाओं ने शराब दुकान के आगे विरोध प्रदर्शन करते हुए भजन गीत गाते हुए विरोध जताया।

महिलाओं का आरोप है कि गांव के नजदीक ठेका होने से पुरुष शराब पीकर आते हैं और क्लेश करते हैं और गाली गलौज करते हैं। वहीं बच्चों पर भी इसका असर पड़ता है।

महिलाऐं हाथों में डंडे लेकर शराब की दुकान पहुंची जहां उन्होंने गीत भजन गाकर विरोध जताया और शराब की दुकान के खिलाफ नारेबाजी करते हुए दुकान को बंद करने की मांग की। महिलाओं ने प्रशासन के खिलाफ आक्रोश जताते हुए कहा कि शराब दुकान के कारण कमलापुरा रोड पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है जिससे स्थानीय महिलाओं और बच्चों को असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। आए दिन शराब के नशे में उत्पात मचाने की घटनाएं भी सामने आती हैं। इससे बच्चों की पढ़ाई पर भी बुरा असर पड़ रहा है। शराब दुकान के नजदीक थोड़ी दूरी पर दोनों तरफ स्कूल स्थित है। शराब की वजह से महिलाएं विधवा हो रही है। महिलाओं ने चेतावनी दी कि प्रशासन ने उनकी मांगों को अगर अनसुना किया तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। शराब दुकान को तुरंत बंद कर अन्यत्र स्थानांतरित किया जाए। पीड़ित महिला सीमा ने बताया कि अपने पति को चार से पांच बार लोन लेकर दुकान खुलवा दी लेकिन पति ने पैसे शराब में उड़ा दिए और शराब पीकर झगड़ा करता था जिससे दुकान को बंद करना पड़ा जिसके चलते कर्जे जैसी स्थिति बन गई है। इस मौके पर आचार्य कृष्ण कुमार शास्त्री, भीकम सिंह कुशवाह, बहादुर सिंह, हीरा सिंह, प्रेम सिंह, सीमा, उषा, गुड़िया, रामबती मुन्नी, कमला सहित महिलाऐं और पुरुष मौजूद रहे।

## चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भर्ती परीक्षा के लिए नियंत्रण कक्ष किया स्थापित

### परीक्षा प्रारंभ होने के 2 घंटा पूर्व से रहेगा कार्यरत

खबरों की दुनिया

**धौलपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के द्वारा 19 सितम्बर से 21 सितम्बर को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सीधी भर्ती परीक्षा-2025 का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना ने बताया कि 19 सितम्बर शुक्रवार को प्रथम पारी प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक एवं द्वितीय पारी अपरान्ह 3 बजे से सायं 5 बजे तक, 20 सितम्बर शनिवार को प्रथम पारी प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक एवं द्वितीय पारी अपरान्ह 3 बजे से सायं 5 बजे तक तथा 21 सितम्बर रविवार को प्रथम पारी प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक एवं द्वितीय पारी अपरान्ह 3 बजे से सायं 5 बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि परीक्षा का आयोजन निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं भयमुक्त कराने के लिए 17 सितम्बर को प्रातः 9 बजे से सायं 6 बजे तक तथा परीक्षा तिथि 19 सितम्बर से 21 सितम्बर को परीक्षा प्रारंभ होने के नियत समय से 2 घण्टा पूर्व से परीक्षा समाप्त होने के पश्चात समस्त गोपनीय सामग्री बोर्ड कार्यालय के लिए प्रस्थान करने तक कार्यरत रहेगा। परीक्षा के लिए जिला कलेक्ट्रेट के कमरा नंबर 51 में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष नम्बर 05642-220033 रहेगा। उन्होंने बताया कि सहायक निदेशक मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अखिलेश कुमार श्रीवास्तव मोबाइल नम्बर 9414028083 प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। जोकि अतिरिक्त जिला कलक्टर के निर्देशन में कार्य करेगें।

## सहज ध्यान के नियमित अभ्यास से मनुष्य का सर्वांगीण विकास



खबरों की दुनिया

**धौलपुर ।** माताजी श्री निर्मला देवी द्वारा प्रणित सहजयोग आत्मज्ञान की एक अत्यंत सरल, सुलभ सहज ध्यान पद्वाति है । आज सम्पूर्ण विश्व के लगभग 180 से अधिक देशों में लोगों को सहज योग द्वारा आत्म साक्षात्कार की प्राप्ति हुई है । सहजयोग ध्यान केंद्र धौलपुर में भी हर रविवार नियमित रूप से चल रहा है। श्रीमती वंदना पाराशर ने बताया कि सहज ध्यान के नियमित अभ्यास से मनुष्य का सर्वांगीण विकास होता है। हमारा स्वास्थ्य ठीक रहता है एवं व्यसनों से मुक्ति मिलती है। पारिवारिक और सामाजिक सम्बन्धों में तेजी से सुधार होता है । हमारा व्यक्तित्व भी प्रखर हो जाता है एवं स्मरण शक्ति का विकास होता है। सुख-शान्ति, समाधान व आनन्द की प्राप्ति होती है तथा आत्मविश्वास में वृद्धि होती है । डॉ मीमांशा चंसौरिया ने बताया कि माताजी श्री निर्मला देवी द्वारा प्रणित सहजयोग आत्मज्ञान की एक अत्यंत सरल, सुलभ व सहज ध्यान पद्वाति है। श्रीमाताजी कहती हैं कि इस एकाकारिता के तन्त्र की रचना जन्म से ही हमारे अन्दर होती है, जैसे छोटे से बीज के अन्दर बहुत बड़े वृक्ष की सम्भावना निहित होती है। इसके कुण्डलिनि शक्ति कहते है जो कि सर्वव्यापी आदिशक्ति और उनके प्रेम की दिव्य शक्ति सम है। सपना गर्ग ने कहा कि सहयोग का नियमित ध्यान केन्द्र धौलपुर में श्याम कॉम्पलैक्स में प्रत्येक रविवार प्रातः 10:30 बजे से 11330 बजे तक चलता है, जो कि पूर्णतः निःशुल्क है। कुण्डलिनी जागृति एवं आत्मसाक्षात्कार को हम सहजयोग से पा सकते है । उन्होंने धौलपुर के लोगों से अपील की कि ध्यान केंद्र आकर, स्वयं आत्मसाक्षात्कार का अनुभव करें।

## जिले में एरिया डॉमीनेशन की कार्रवाई का चला विशेष अभियान

**52 टीमों ने अलग अलग 318 स्थानों पर दबिशें देकर हिस्ट्रीशीटर, हार्डकोर, अवैध शराब, अवैध हथियारों एवं मादक पदार्थों का अवैध कारोबार करने वालों की धरपकड़**

### 102 व्यक्तियों के खिलाफ की गई कार्रवाई

खबरों की दुनिया



**धौलपुर ।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के नेतृत्व में जिले में अलसुबह से दोपहर तक एरिया डॉमीनेशन की कार्यवाही के अन्तर्गत हार्डकोर, सक्रिय हिस्ट्रीशीटर, अवैध हथियार, अवैध शराब, मादक पदार्थों व अवांछित गतिविधियों की रोकथाम और अपराधियों की धरपकड़ के लिए धौलपुर पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया7 इस अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज शर्मा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ बाडी कमल कुमार जांगिड के सुपरवीजन में सभी थानों पर विशेष टीमें गठित कर अलग अलग स्थानों पर दबिशें दी गई7 इस अभियान में करीब 212 पुलिस अधिकारियों और जवानों की 52 टीमों ने कार्रवाई में भाग लेकर 318 स्थानों पर दबिश देकर 102 व्यक्तियों को गिरफ्तार इंसदादी कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में रणनीति बनाकर जिले के 90 हिस्ट्रीशीटरो के ठिकानों पर अचानक दबिश देकर उनकी अपराधों के सम्बन्ध में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संलिप्तता के सम्बन्ध में पूरी जानकारी की गई, उनके मोबाइल आदि इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को चैक किया गया, इस दौरान संदिग्ध पाये जाने पर 12 हिस्ट्रीशीटरों के खिलाफ कार्रवाई व 01 के विरुद्ध प्रकरण दर्ज की कार्रवाई भी की गई है। इसके साथ ही इस अभियान में पुलिस अधीक्षक श्री विकास सांगवान के अन्तर्गत 13 हार्डकोर अपराधियों के ठिकानों पर दबिश देकर उनकी गतिविधियों को चैक किया जिसमें से भी 01 के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि वांछित आरोपियों, ईनामी बदमाशों, वारंटियों एवं असामाजिक तत्वों के खिलाफ धौलपुर पुलिस का धरपकड़ का अभियान जारी रहेगा।

## ग्रामीण सेवा शिविर में शकुन्तला को मिली पशु बीमा पॉलिसी

**धौलपुर ।** राज सरकार द्वारा 17 सितम्बर से ग्रामीण सेवा शिविर कैंप का आयोजन शुरू हुआ। जिसके अंतर्गत उपखण्ड बसेड़ी की ग्राम पंचायत झील के अटल सेवा केन्द्र में कैंप आयोजित किया गया। जिसमे ग्राम झील निवासी शकुन्तला देवी पत्नी पीतम सिंह अपनी अतिरिक्त आय के लिए गांव में ही भैंसों का पशुपालन किया करते है। लेकिन प्राकृतिक आपदाओं के तहत पशुओं की अकाल मृत्यु को लेकर सदैव भयभीत रहते थे। राज्य सरकार द्वारा आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर के दौरान पूर्व तैयारियों के दौरान इस परिवार से सम्पर्क में पशुपालन भाग के कार्मिक आए और उन्होंने इन्हें मंगला पशु बीमा की जानकारी देकर इन्हें इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। राज्य सरकार की इस योजना पर विश्वास व्यक्त करते हुए इन्होंने अपने दोनों दुधारू पशुओं का बीमा करवाने का मन बनाया और पशुपालन विभाग के सहयोग से वांछित कार्यवाही पूर्ण करवाई गई। इसके पश्चात शिविर में जब ग्राम पंचायत झील में ग्रामीण सेवा शिविर लगा, तब आवश्यक कार्रवाई करते हुए इनकों कैंप के दौरान ही मंगला पशु बीमा योजना की पॉलिसी उपलब्ध करवा दी। इससे यह परिवार प्रसन्न है कि राजस्थान सरकार के इस कार्यक्रम के तहत इन्हें सुरक्षा कवच व गारंटी प्राप्त हुई है।

# ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों में एक ही छत के नीचे मिल रहा है 49 सुविधाओं का लाभः डॉ. टीना सोनी

खबरों की दुनिया

**धौलपुर ।** संभागीय आयुक्त डॉ. टीना सोनी ने उपखण्ड सैपऊ की ग्राम पंचायत पिपहेरा में ग्रामीणों से कहा कि राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं का लाभ देने और उनके शिकायत समाधान के लिए सेवा शिविर लगाए जा रहे हैं। ग्रामीण सेवा शिविर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिक-से-अधिक ग्रामीणों से इन शिविरों में भागीदारी करने का आह्वान किया।

निरीक्षण के दौरान संभागीय आयुक्त ने कहा कि इन शिविरों में स्वास्थ्य जांच और दवाई, पोषण, फसल-बीज किट वितरण, बीमा और पशुओं से जुड़ी योजनाओं के लाभ, राजस्व तथा बिजली विभाग के आवेदन आदि सभी काम सम्पन्न होंगे। छोटी-छोटी शिकायतों और समाधान के लिए आपको जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़े, इसके लिए ये शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिविरों में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे, ऐसे में सभी को बाकी काम छोड़कर यहाँ आकार इनका फायदा उठाना चाहिए।

पिपहेरा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर के दौरान संभागीय आयुक्त ने लाभार्थियों को आवासीय भूमि पट्टे, प्रतिकात्मक रूप से निक्षय पोषण किट, प्रधानमंत्री फसल बीमा पॉलिसी वितरित की। इस दौरान उन्होंने शिविर स्थल पर पौधारोपण भी किया। निरीक्षण की श्रृंखला में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने भी पुरानी छावनी में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का अवलोकन कर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।



उन्होंने शिविरों निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से कहा कि वे आमजन से संवाद कर समस्याओं के समाधान का प्रयास करें। इससे शिविरों के उद्देश्य को प्राप्त करने में सफलता मिलेगी। उन्होंने शिविर में एक वृद्ध महिला की बात सुनकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि इनकी मांग को कागज पर लिखकर उनकी सहमति लें और त्वरित समाधान करें।

### शहरी क्षेत्रों में फोकस पट्टा वितरण पर-

उन्होंने सैपऊ नगर पालिका क्षेत्र में अम्बेडकर भवन पंचायत समिति परिसर में शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि शहरी क्षेत्र में आमजन की बुनियादी समस्याएं हैं। दैनिक दिनचर्या की जिंदगी में साफ-सफाई से लेकर राशन, पानी-विद्युत की आपूर्ति सभी प्रकार की समस्याओं के एक ही मंच पर समाधान के लिए प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश में शहरी सेवा शिविरों का शुभारंभ किया गया है।

### 9 रोगियों को वितरित की निक्षय पोषण किट-

शिविर में संभागीय आयुक्त एवं जिला कलक्टर ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को विशेष रूप से टीबी मरीजों को निक्षय किट उपलब्ध कराने एवं उपचार के फॉलोअप करने के निर्देश दिए, ताकि टीबी रोगियों को पूर्ण स्वस्थ किया जा सके। इस दौरान उन्होंने 9 टीबी रोगियों को निक्षय किट प्रदान की। उन्होंने रोगी को नियमित उपचार कराने की सलाह दी। इस दौरान उन्होंने आशा कार्यकताओं द्वारा दी जा रही विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में उनसे जानकारी ली। इस दौरान उपखंड अधिकारी सैपऊ कर्मवीर सिंह, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतराम मीना, विकास अधिकारी रामबोल सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर रिकॉर्डतोड़ रक्तदान, 1448 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ

खबरों की दुनिया

**नवलगढ़।** कस्बे के सूर्य मंडल ग्राउंड मे प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रसेवा को जीवन का ध्येय बनाने वाले सच्चे कर्मयोगी नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा और जनकल्याण को समर्पित एक भव्य रक्तदान शिविर एवं हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में रिकॉर्ड तोड़ सहभागिता दर्ज की गई। विधायक विक्रम सिंह जाखल के संयोजन में हुए रक्तदान शिविर में युवाओं और महिलाओं का जोश देखते ही बनता था। सुबह से ही शिविर स्थल पर रक्तदाताओं की लंबी कतारें लगी रही। रक्तदान के लिए कुल 1890 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया। जिसमें 1448 यूनिट रक्तदान एकत्रित हुआ। जो नवलगढ़ क्षेत्र में अब तक आयोजित रक्तदान शिविरों में एक उल्लेखनीय रिकॉर्ड माना जा रहा है।



विशेष रूप से युवाओं के समूहों और महिलाओं में रक्तदान को लेकर असाधारण उत्साह देखने को मिला। पहली बार रक्तदान करने वाले युवाओं ने इस अवसर को अपने जीवन का यादगार पल बताया, वहीं महिलाओं ने भी समाजसेवा और मानवता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने में अग्रणी भूमिका निभाई। शिविर के साथ ही प्रधानमंत्री मोदी के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और देशहित में निरंतर सक्रिय नेतृत्व के लिए वैदिक मंत्रोच्चार के बीच एक विशाल हवन का भी आयोजन किया गया। स्थानीय संत-महात्माओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने इसमें भाग लिया। इस सेवा भावपूर्ण आयोजन में समाजसेवा की एक नई पहचान दी है। रक्तदान से न केवल जरूरतमंद मरीजों की जान बचेगी बल्कि यह मानवीय संवेदनाओं और सामूहिक जिम्मेदारी का अद्भुत संदेश भी देता है। इस अवसर पर



भाजपा के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य विश्वंभर पूनियां, भाजपा सीकर प्रभारी दिनेश धाबाई, जिला परिषद सदस्य बीरबल गोदारा, सरपंच फोरम अध्यक्ष भंवर धींवा, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष गौतम खंडेलवाल, कारी मंडल अध्यक्ष धर्मेन्द्र मेघवाल बाय, लोहार्गल मंडल अध्यक्ष किशन गुर्जर, डूमरा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र पूनियां, पूर्व चेयरमैन शोयब खत्री, नवलगढ़ नगरपालिका चेयरमैन राजकुमार सैनी, भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता महेश चौधरी, सरपंच सुभाष लाम्बा, सरपंच आनंद बुगाला, सरपंच अर्जुन वाल्मीकि गोठड़ा, सरपंच करणीराम परसरामपुरा, सरपंच लोहर्गल जगमोहन सिंह, सुनील सामरा, बीरबल यादव, ललित कुमावत भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष सहित जयप्रकाश(जयन्ती)बिल पार्षद एवं संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। रक्तदान के अवसर पर विधायक विक्रम सिंह जाखल ने



नवलगढ़ के हर एक कार्यकर्ता का इस भव्य आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही बताया कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जीवन पर्यंत देश के प्रधानमंत्री के पद को सुशोभित करते रहे जिससे देश की विकसित भारत का संकल्प समय से पहले ही पूरा हो भारत इस दुनिया का विश्वगुरु हो और सभी देशों का सिरमौर हो साथ ही प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित की।

खबरों की दुनिया

एक नजर

## मॉडल विद्यालय में अध्यापक अभिभावक मीटिंग का हुआ आयोजन



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालय, दीपपुरा (भैंसरोडगढ़ रोड) में अध्यापक-अभिभावक मीटिंग का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अर्जुन सिंह शक्तावत ने बताया कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन, उपस्थिति एवं सर्वांगीण विकास के संबंध में अभिभावकों से संवाद स्थापित करना था। बैठक के दौरान सभी विषय अध्यापकों ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों एवं चुनौतियों की विस्तृत जानकारी दी। अभिभावकों ने विद्यालय की शैक्षणिक तथा सह-शैक्षणिक गतिविधियों की सराहना करते हुए विद्यालय को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। प्रधानाचार्य शक्तावत ने कहा कि विद्यालय और अभिभावकों का आपसी सहयोग ही विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है। कार्यक्रम के अंत में गोवर्धन यादव, महेश कुमार अहीर, मुकेश कुमार सेन, उमेश कुमार सुमन सहित समस्त स्टाफ एवं उपस्थित अभिभावकों ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान जारी

खबरों की दुनिया



**भुसावर।** राजस्थान सरकार के मुख्य मंत्री भजन लाल शर्मा की ओर से प्रदेश में अधिक से अधिक पेड़ लगा कर राजस्थान को हरा भरा बनाए जाने के लिए एक पेड़ मां के नाम सघन अभियान के अंतर्गत राजस्थान सरकार के शिक्षा विभाग के अधिकारियों के आदेश पर सरकारी विद्यालयों की ओर से सार्वजनिक स्थान एवं विद्यालय परिसरों में विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बुला कर पेड़ लगाए जाने का सिलसिला जारी है

इसी शृंखला में भुसावर उपखंड के गांव सलेमपुर खुर्द के परशुराम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह चौधरी के निर्देशन में विद्यालय के स्टाफ अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों एवं उनके माता पिता को एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है

उन्होंने बताया कि अब तक विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों की ओर से तीस पेड़ विद्यालय परिसर एवं अभिभावकों के घर पेड़ लगवाए गए है वही विद्यालय का स्टाफ की ओर से विद्यालय में विद्यार्थियों के आने पर अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है । उन्होंने बताया कि मां के नाम एक पेड़ अभियान में विद्यालय पढ़ने वाले विद्यार्थियों की माताओं को बुलाया जा कर उनके नाम पेड़ लगाए जा रहे है।

## 5 करोड़ 27 लाख की पुलिया स्वीकृत करवाने पर बेगू विधायक का ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत

खबरों की दुनिया

**रावतभाटा ।** सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचने के उद्देश्य से भाजपा सरकार द्वारा चलाए जा रहे ग्रामीण सेवा शिविर के तहत क्षेत्रीय विधायक डॉ सुरेश धाकड़ ने भैंसरोड़गढ़ पंचायत समिति के ग्राम पंचायत धागडमऊ कलां में शिरकत कर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का नीचे स्तर के गरीब लोगों को भी लाभ मिले इसकी सुनिश्चितता निश्चित करने के निर्देश दिए द्य

5 करोड़ 27 लाख की पुलिया स्वीकृत करवाने पर ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत कर घोड़ी पर बिठा कर गांव से पंचायत तक फूलों की बरसात करते हुए ले गए द्य शिविर में ग्रामीणों की शिकायतों पर तुरंत निवारण करते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए



कहा कि मुझे इन लोगों ने विधायक बनाया है आगे से शिकायत नहीं आनी चाहिए । ग्रामीण सेवा शिविर में प्रधान प्रतिनिधि कुशाल बारेशा, मंडल अध्यक्ष सुनील जैन, उप प्रधान रघुनाथ भील, चांदमल जैन, शांतिलाल लबाना, रोशन जैन, कैलाश धाकड़, हरलाल धाकड़, मनीराम धाकड़, सुरेश लबाना, शिव जैन, आशीष जैन, पीरूलाल धाकड़, भागीरथ वैष्णव, सुरेश माली, दीपक माली, छीतर हवलदार, शिव सेन, सुरेश सेन, कैलाश हवलदार, अक्षय जैन, शुभम लबाना, धर्मराज हवलदार, बहादुर सिंह, हीरा लाल भील, राकेश मेवाड़ा, शांतिलाल भील, लालचंद भील, भूरा भील, मोहन लाल भील, पीरूलाल गरासिया, देवा राम भील, विजय राम भील, उदय लाल भील सहित ग्रामीण उपस्थित रहे ।

## स्टेडियम मे फ्लड लाइट्स का किया उद्घाटन

### खिलाड़ियों ने विधायक धाकड़ का जताया आभार



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा ।** शहर के खिलाड़ियों को क्षेत्रीय विधायक डॉ सुरेश धाकड़ ने सौगात देते हुए बुधवार देर शाम राणा पूंजा स्टेडियम पहुंच कर नई लगाई गई 4 फ्लड लाइट्स का उद्घाटन किया । इस अवसर पर मौजूद लोगों ने विधायक डॉ सुरेश धाकड़ का 11 किलो का पुष्पहार पहनाकर सम्मान किया ।

धाकड़ ने कहा कि खिलाड़ियों की भावना के अनुसार खेल मैदान का विकास करवाया जाएगा । इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर विनोद कुमार मल्होत्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भगवत सिंह हिंगड़, तहसीलदार विवेक गरासिया, अधिशाषी अधिकारी मुकेश नागर, थाना अधिकारी रायसल सिंह शेखावत, सहायक अभियंता देवेंद्र नागर, प्रधान प्रतिनिधि कुशाल बारेशा, राजकुमार वधवा, भुवनेश नागर, प्रहलाद जाट, विजय गुप्ता, मंजू लता जंगम, विनीता अग्रवाल, तन्वी शर्मा, नीलम सिंह, आरडी शर्मा, विकास धाकड़, कैलाश महेश्वरी सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## महिला से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, हुलिया बदलकर दिल्ली रह रहा था आरोपी

खबरों की दुनिया

**चित्तौड़गढ़ ।** महिला से दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी राकेश खटीक को कोतवाली निम्बाहेड़ा थाना पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया । आरोपी अपना हुलिया बदल कर दिल्ली में फरारी काट रहा था। जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि पिड़िता ने रिपोर्ट कोतवाली निम्बाहेड़ा थाने पर दी अपनी रिपोर्ट में कहा कि पिछले 6-7 साल से आरोपी राकेश कुमार चन्देल पुत्र मदनलाल जाति खटीक निवासी खटीक मौहल्ला जावद पुलिस थाना जावद जिला नीमच मध्य प्रदेश से निम्बाहेडा रहने के दौरान जान पहचान हुई । आरोपी राकेश खटीक शादी करने का झूठा आश्वासन देकर लगातार शारीरिक सम्बन्ध बनाता रहा। कई बार उसने मना किया तो उसके विडियो व फोटोज वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म किया। अभी कुछ समय से अश्लील फोटो, विडियो वायरल करने की ब्लेकमैल कर परेशान कर रहा है । उसने डरा धमकाकर महिला की स्कूटी ओर फर्दन फर्दन दो लाख रूपये ऐंठ लिए।

एएसपी सरिता सिंह डीएसपी निम्बाहेड़ा बद्रीलाल राव के सुपरविजन रामसुमेर मीणा पु.नि. थानाधिकारी कोतवाली निम्बाहेडा के नेतृत्व में अनुसधांन अधिकारी कन्हैया लाल उप निरीक्षक पुलिस जाप्ता एएसआई सूरज कुमार, कानि. विरेन्द्र, देवेन्द्र व रामचन्द्र की टीम गठित की गई। टीम को सूचना मिली कि वांछित आरोपी प्रकरण में गिरफ्तारी से बचने के लिए काफी समय से हुलिया बदलकर दिल्ली व ग्रेटर नोयडा की तरफ रहने लग गया। जो गठित टीम द्वारा मामले में अथक प्रयास करते हुए तकनिकी साक्ष्यों की सहायता से वांछित आरोपी राकेश कुमार खटीक को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की ।

## 24 सितम्बर को आयोजित होगा पेंशनर्स समस्या शिविर

खबरों की दुनिया

**रावतभाटा ।** पेंशनर्स की परिवेदनाओ व विभिन्न शिकायतों के निस्तारण के लिए आगामी 24 सितम्बर बुधवार को जिला कोषालय में शिविर आयोजित होगा। पेंशनर्स समाज महासचिव चंद्र सिंह भाटी ने बताया कि शिविर में दूर दराज क्षेत्र के पेंशनरों की जन्म तिथि का निर्धारण, नाम में संशोधन, पेंशन संशोधन व बकाया एरियर आदि की शिकायतों व परिवेदनाओं का निस्तारण उपकोष कार्यालय चित्तौड़गढ़ में अतिरिक्त निदेशक पेंशन व पेंशन कल्याण विभाग क्षेत्रीय कार्यालय उदयपुर एवं जिला कोषाधिकारी कार्यालय चित्तौड़गढ़ द्वारा मौके पर ही समाधान किया जाएगा ।

## आदिवासी किसानों को बेघर करने का लगाया आरोप ,कांग्रेस ने जिला कलक्टर को दिया ज्ञापन

खबरों की दुनिया

**रावतभाटा ।** उपखंड की ग्राम पंचायत बस्सी के गांव खरनाई सोपुरिया मैं आदिवासी भील बाहुल्य इलाके में निजी सौर ऊर्जा प्लांट लगाने के विरोध में बड़ी संख्या में ग्रामीण चित्तौड़गढ़ जिला कलक्टर कार्यालय पहुंचे और कलक्टर आलोक रंजन को ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन जिला कांग्रेस अध्यक्ष भेरूलाल चौधरी बेग रावतभाटा कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष पारस जैन के नेतृत्व में दिया गया ज्ञापन में बताया कि मेसर्स एक्में सिग्मा ऊर्जा प्रा लि को 356 हेक्टर लगभग 1800 बीघा जमीन पर 300 मेगावाट के लिए प्रस्तावित सौर ऊर्जा प्लांट हेतु सरकार द्वारा जमीन आवंटन की भीम की जा रही है । इस



प्रक्रिया से आदिवासी ग्रामीण एवं किसानों को जंगल जमीन और घर से बेघर किया जा रहा है । मंडल अध्यक्ष कान्हा राम भील ने बताया कि ग्रामीण सौर ऊर्जा प्लांट का विरोध कर रहे हैं जहां किसान आदिवासी लोग अपना जीवन व्यापन कार रहे हैं । वहां हरा भरा जंगल है । ग्रामीणों को पूर्व में भी बांध निर्माण के समय विस्थापित किया गया था । उसके बाद अब सौर ऊर्जा प्लांट लगाने के लिए फिर ग्रामीणों आदिवासियों को उनकी जगह से हटाकर बेसहारा किया जा रहा है । ग्रामीणों ने सरकार एवं प्रशासन से जमीन आवंटन नहीं करने की मांग की ग्रामीणों ने बताया कि अगर आवंटन किया जाता है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा । ज्ञापन देने वालों में गिरधारी लाल जाट परमेश्वर लाल जाट बागदी राम भील सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे ।

## गरबा महोत्सव को लेकर बैठक आयोजित



खबरों की दुनिया


**रावतभाटा ।** नारी शक्ति वंदन महिला मंडल की गरबा महोत्सव मनाने को लेकर नया बाजार स्थित सेंट्रल पार्क में बैठक आयोजित हुई कार्यक्रम को आकर्षक बनाने के लिए चर्चा की गई इस दौरान मौजूद सदस्यों ने अपने सुझाव दिए आगामी 22 सितंबर से महाराणा प्रताप सेंट्रल पार्क में नवरात्र महोत्सव श्रद्धा उत्सव के साथ मनाया जाएगा महोत्सव के दौरान विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए जाएंगे बैठक में राजकुमार वधवा राजेंद्र दशोरा रौनक चौधरी विनीता अग्रवाल सुमन बूनिया शालिनी चंद्रन वर्षा शर्मा संगीता सोनी नीतू गुप्ता देव की सुनीता चौधरी आकांक्षा सोनी प्रीति मौजूद रही ।

## इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर शाखा की एग्जीक्यूटिव मेम्बर्स की मीटिंग में लिए महत्वपूर्ण निर्णय

### सीएसआर के तहत आरईसी फाउंडेशन द्वारा प्राप्त 5 मोबाइल मेडिकल वैन का शुभारम्भ समारोह 2 अक्टूबर 2025 को तय

खबरों की दुनिया

**अलवर ।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर शाखा की एग्जीक्यूटिव मेम्बर्स की मीटिंग आज रेड क्रॉस भवन , मोती डूंगरी अलवर में संपन्न हुई इस 7 सदस्यीय मीटिंग में चेयरमैन डॉ. एस.सी.मित्तल , उपाध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र जैन, सचिव डॉ. रूप सिंह, कोषाध्यक्ष बाबु झालानी, सहसचिव कुलदीप आर्य, सेंट जॉन एम्बुलेंस इंडिया अलवर शाखा के चर्मन गिरीश गुप्ता, यूथ विंग चेयरमैन शशांक झालानी ने भाग लिया जिसमे कई महवपूर्ण निर्णय लिए गए । सचिव डॉ. रूप सिंह ने बताया कि इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर शाखा एवं आरईसी फाउंडेशन गुरुग्राम के मध्य हुए सीएसआर के तहत एमओयू में सभी सुसज्जित उपकरणों सहित हमें प्राप्त हो रही है । अलवर ज़िले के लिए 5 मोबाइल मेडिकल वैन यूनिट्स के लिए रु. 5 करोड़ 71 लाख स्वीकृत किये गए है इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर शाखा राजस्थान की एक मात्र शाखा है जिसको यह प्रोजेक्ट मिला है ! जिसके तहत 5 मोबाइल वैन द्वारा कुल 2121 गाँव अर्थात 545 किलोमीटर के क्षेत्र में निःशुल्क चिकित्सा सेवा आगामी 3 वर्षो के लिए उपलब्ध करवाई गयी है । मीटिंग में एक महत्वपूर्ण निर्णय यह भी लिया गया कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर सेवा



पखवाड़ा 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चल रहा है जिसके तहत इन 5 मोबाइल मेडिकल वैन का शुभारम्भ समारोह 2 अक्टूबर 2025 को प्रताप ऑडिटोरियम में मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव (केन्द्रीय वन , पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री) तथा राजस्थान सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन, विज्ञान एवं प्रोधोगिकी विभागों के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री संजय शर्मा कार्यक्रम अध्यक्ष , अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में आरईसी फाउंडेशन के सीएमडी जीतेन्द्र श्रीवास्तव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अन्य आरईसी फाउंडेशन पदाधिकारी की उपस्थिति में होने जा रहा है ।

इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की अध्यक्ष एवं जिला कलेक्टर अलवर डॉ अर्तिका शुक्ला के दिशानिर्देशन में इस प्रोजेक्ट के तहत अलवर में 3 वैन , भर्तहरी (खैरथल - तिजारा) में 1 वैन , बहरोड़ - कोटपुतली जिले में 1 वैन भेजी जायेगी। अलवर शहर , बहरोड़ में नीमराना, बानसूर, थानागाजी के आस पास का क्षेत्र , कोटकासिम के तहत किशनगढ़बास, तिजारा, मंडावर तथा राजगढ़ के तहत मालाखेडा, रैनी, उमरैण का क्षेत्र तथा लक्ष्मणगढ़ के तहत कठूमर, गोविन्दगढ़, रामगढ के आस पास के क्षेत्र इस मेडिकल मोबाइल यूनिट का लाभ ले सकेंगे यह यूनिट्स डॉक्टर आपके के द्वार थीम पर कार्य करेग।

उपकरणों के साथ सुसज्जित हर एक वातानुकूलित मोबाइल वैन में एक डॉक्टर, एक नर्सिंग स्टाफ, एक फार्मासिस्ट , एक ड्राइवर कम हेल्पर कुल 4 लोगो का स्टाफ उपस्थित रहेगा ।

सभी मरीजो के लिए निःशुल्क दवा, शुगर जाँच, ब्लड प्रेशर इत्यादि सभी निःशुल्क उपलब्ध करवाए जायेंगे। मोबाइल मेडिकल इकाइयां दूरदराज और कम सेवा वाले क्षेत्रों के लिए जीवन रेखा के रूप में काम करेंगी, जो उन व्यक्तियों को आवश्यक चिकित्सा देखभाल प्रदान करेंगी जिनके पास अन्यथा ऐसी सेवाओं तक पहुंच नहीं हो सकती है ।

## अग्रवाल वंश के कुल प्रवर्तक महाराज अग्रसेन जी की 5149 वीं जयन्ती हर्षोल्लास के साथ मनाई जायेगी

**भुसावर।** अग्रवाल समाज भुसावर के उपाध्यक्ष अंशु मित्तल एवं कोषाध्यक्ष राजकुमार बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि अग्रवाल समाज भुसावर द्वारा अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता के नेतृत्व में महाराजा अग्रसेन जयन्ती हर्षोल्लास के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए मनायी जायेगी। जिसका शुभारंभ 19 सितम्बर शुक्रवार को निबन्ध प्रतियोगिता के साथ होगा। वहीं मंत्री प्रमोद सर्राफ और उपमंत्री सतेन्द्र सिंहल के साथ साथ महिला समिति ने बताया कि 20 सितम्बर शनिवार को गिलास जमाओ व वैलून फोडो प्रतियोगिता तो 21 सितम्बर को चम्मच उठाओ एवं माला पहनाओ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। जयन्ती संयोजक धर्मेन्द्र मित्तल एवं युवा संयोजक पंकज गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि 22 सितम्बर को अग्रसेन जयन्ती महोत्सव के तहत प्रातः प्रभात फेरी वैदिक यज्ञ का आयोजन होगा। उन्होने बताया कि देर शाम को भव्य डांडिया नृत्य कार्यक्रम प्रतिभावान सम्मान समारोह घोडी की बोली एवं सामूहिक भोज होगा। युवा अध्यक्ष नितेश अग्रवाल सहित अग्रजनों ने बताया कि 24 सितम्बर को भव्य शोभायात्रा के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

खबरों की दुनिया

एक नजर

## गूंजी खिलाड़ियों की दहाड़, 14 वर्षीय जुडो प्रतियोगिता हुई




खबरों की दुनिया

**गुढ़ागौड़जी।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुढ़ागौड़जी में खेलों का रोमांच 69वीं जिला स्तरीय 14 वर्षीय छात्र/छात्रा जुडो प्रतियोगिता से हुआ। जिलेभर से आए 106 खिलाड़ी मैट पर उतरे और दमदार खेल का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि प्रदीप कुमावत और विशिष्ट अतिथि विवेक गुप्ता की मौजूदगी में आयोजित इस प्रतियोगिता में छात्रा वर्ग का खिताब गुढ़ागौड़जी विद्यालय ने अपने नाम किया, वहीं छात्र वर्ग में ऊरीका विद्यालय विजेता बना। खिलाड़ियों के जोश और जज्बे ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रणजीत सिंह शेखावत ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया और कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को आत्मविश्वासी और अनुशासित बनाते हैं। समारोह में मुकेश बुड़ानिया, अभिनव सिंह, भीवाराम सैनी, उर्मिला और विकास शर्मा सहित कई नागरिक मौजूद रहे। संचालन श्रवण कुमार शर्मा ने किया।

# पुष्कर में गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ के लिए विप्र फाउंडेशन ने की हुई विप्र सभा

खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** तीर्थराज पुष्कर में अगले वर्ष आयोजित 200 कुण्डीय शत गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ के निमंत्रण के लिए विप्र फाउंडेशन द्वारा सर्व ब्राह्मण समाज की सभा हुई। सभा को यज्ञ सम्राट पूज्य स्वामी प्रखर महाराज ने सम्बोधित करते हुए ब्राह्मण समाज को उसकी शक्ति, सामर्थ्य व महानतम इतिहास से परिचित करवाया। गायत्री की महत्ता के बारे में उन्होंने विस्तार से जानकारी दी। इसके जप व यज्ञ के अलौकिक लाभ से विप्र समाज को अवगत करवाया। पुष्कर में होनेवाले गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ में सभी से घी, समिधा, गायत्री मंत्र जाप एवं आर्थिक सहयोग सहित विभिन्न सेवाकार्यों में भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। विप्र फाउंडेशन जिलाध्यक्ष कमल कांत शर्मा एव संयोजक उमाशंकर महमिया ने



बताया कि स्वामी प्रखर महाराज के सानिध्य में ही यह गायत्री महायज्ञ पुष्कर की मणिवेदिका गायत्री शक्तिपीठ में होगा। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा गुरुजी ने सभी विप्रजनों से पुष्कर में होने वाले 200 कुण्डीय विराट शत गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ में भागीदारी करने का आह्वान किया। कमल कांत शर्मा ने सभा में आये सभी अतिथियों, विप्रजनों, मातृशक्ति व युवाओं का



स्वागत सत्कार किया। आभार जिला संयोजक उमाशंकर महमिया ने जताया। संचालन संगठन महामंत्री रामगोपाल महमिया ने किया। बिसाऊ पीठ के महंत रवि नाथ महाराज का सानिध्य भी रहा। इनके अलावा आयोजन में विप्र फाउंडेशन के महाराष्ट्र ज़ोन-12 के अध्यक्ष आचार्य सुभाष शर्मा, आचार्य अंकित इंदौर व अशोक जोशी ने गरिमामय उपस्थिति दर्ज करवाई। कार्यक्रम में जिलेभर से 38 विप्रजनों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विकास शर्मा डुमोली, प्रदीप शर्मा, विनोद पुजारी, अरविंद पारीक, रामचंद्र शर्मा पाटोदा, श्रीराम ढड, प्रदीप शर्मा, राकेश शर्मा बगड़, नरोत्तम शर्मा, चिड़ावा के सुभाष शर्मा, जगदीश प्रसाद शर्मा, राजेन्द्र झेरलीवाला, सूरजगढ़ के विनोद शर्मा, बुहाना के नरेश भारद्वाज, नंदकिशोर शर्मा, मलसीसर के चिरंजीलाल चौमाल, सांवरमल शर्मा, महावीर भेड़ा, मुकुंदगढ़ के बनवारीलाल शर्मा, प्रमोद पचलाँगीया, पृथ्वीराज शर्मा, अनिल जोशी, डॉ. राधारमण शर्मा, अमित पांडेय, चंद्र प्रकाश शुक्ला, डॉ. आशा शर्मा, डॉ. प्रमीला शर्मा, जिलाध्यक्ष ममता शर्मा, डॉ. पूनम शर्मा, डॉ. शशी मरोलिया, डॉ. विद्या पुरोहित, सुमित्रा चौबे, एडवोकेट अंजू शर्मा, आदि उपस्थित रहे।

## युवा उद्योग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष बने राहुल



**झुंझुनूं।** राष्ट्रीय सैनी सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. श्रवण कुमार सैनी ने संगठन का विस्तार करते हुए राहुल कटारिया गुगोजी की ढाणी चिड़ावा को राष्ट्रीय सैनी सभा के युवा उद्योग प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया। राहुल कटारिया समाज में युवा सामाजिक क्रांति के साथ युवाओं को शिक्षा के साथ उद्योग क्षेत्र में आगे बढ़ाने का काम करेंगे। प्रदेशाध्यक्ष डॉ. श्रवण सैनी ने नव नियुक्त युवा उद्योग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राहुल कटारिया को समाज में शिक्षा के साथ केंद्र और राज्य सरकार की उद्योग योजनाओं से युवाओं को अवगत करवाने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय सैनी सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट डॉ. महेश सैनी की अनुसंशा पर नियुक्त राहुल समाज की सेवा करते हुए युवाओं को सरकारी योजनाओं और उद्योग से लाभ उठाने के लिए जागृत करेंगे।

## डी. जी. एस. की छात्राओं का जिला स्तरीय खेलकुद प्रतियोगिताओं में दबदबा



**नवलगढ़ (खबरों की दुनिया)।** बलवंतपुरा डूण्डलोद गर्ल्स स्कूल की छात्राओं ने जिला-स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपना परचम लहराया है। विद्यालय प्राचार्या इंदु सोनी ने बताया कि 69 वीं जिला स्तरीय निशानेबाजी प्रतियोगिता 14 सितंबर से 17 सितंबर 2025 के मध्य झुंझुनू में आयोजित हुई जिसमें विद्यालय कि छात्राओं ने निशानेबाजी कोच अभिलाषा के नेतृत्व में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अंडर-17 वर्ग में छात्रा भूमि गौरा ने 10 मीटर राईफल में स्वर्ण पदक प्राप्त किया तथा 14 वर्ग में छात्रा यानु सैनी ने कांस्य पदक प्राप्त किया। इसी क्रम में विद्यालय की छात्रा लविशा बुरी ने 'इन लाईनस्केटिंग प्रतियोगिता में 500 मी. लैप में रजत पदक व 1000 मी. लैप में कांस्य पदक तथा वन लैंग में रजत पदक प्राप्त किया। इसी क्रम में विद्यालय की छात्राओं ने तैराकी कोच सुशिला चौधरी के नेतृत्व में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-14 वर्ग में विद्यालय की तोयांतिका ने 50 मीटर बेक स्ट्रोक में गोल्ड मेडल व 50 मी ब्रेस्ट स्ट्रोक में ब्रोंज मेडल व छात्रा यशस्वी दूलड़ ने 100 व 200 मी. ब्रेस्ट स्ट्रोक में गोल्ड मेडल. तथा 200 मी. बैंक स्ट्रोक में ब्रोंज मेडल जीता। अब ये सभी छात्राएं राज्य राज्य-स्तरीय प्रतियोगिताओं में अपना दमखम दिखाएँगी विद्यालय प्राचार्या इंदू सोनी ने सभी विजेताओं को इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई दी है। विद्यालय सचिव बी. एल. रणवां ने छात्राओं को बधाई दी है तथा आगे भी इसी तरह शानदार प्रदर्शन जारी रखने की आशा व्यक्त की है।

## भारतीय कलां मंदिर की 46वीं रामलीला मंचन की तैयारियां जारी

खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** भारतीय कलां मंदिर संस्थान की 46वीं रामलीला मंचन का पूर्वाभ्यास धर्मदास भवन में जारी है। शहर के चूणा चैक पार्क में 22 सितंबर से लीला प्रारम्भ होगी। समापन 3 अक्टूबर को राजतिलक के साथ होगा। रामलीला से पूर्व ध्वज पूजन किया जाता है। इस बार यह ध्वज पूजन शनिवार को रामलीला मैदान में सुबह 11 बजे किया जाएगा। इसके बाद रामलीला के मंचन के लिए स्टेज, टेंट, साउण्ड, पर्दे आदि की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। संस्थान अध्यक्ष विनोद सिंघानिया ने बताया कि संस्थान द्वारा प्रति वर्ष रामलीला एवं दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस बार इस आयोजन को सफल बनाने के लिए स्थानीय कलाकार अंतिम रूप देने में लगे है। शहर के धर्मदास भवन में पिछले 13 दिनों से व्यास मोहन शर्मा के सानिध्य एवं निदेशक शशिकांत शर्मा के निर्देशन में कलाकार नियमित रूप से अभिनय का पूर्वाभ्यास कर रहे है। आयोजन की तैयारियों को लेकर अमित पाण्डे, पवन सैनी, अनिल चोटिया, पंकज बावलिया, पंकज शिवानीवाल तैयारियों में जुटे हुए है।



### दुर्गा पूजा के लिए सजने लगा पांडाल

**झुंझुनूं।** भारतीय कला मंदिर की ओर से इस बार 22 सितंबर से 23वां दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। दुर्गा पूजा की तैयारियों में जुटे सुरेश शर्मा ने बताया कि माता की पूजा के लिए स्टेज एवं परिसर को सजाने का कार्य किया जा रहा है। माता का पांडाल इस बार और आकर्षक तरीके से सजाया जाएगा, जिसकी तैयारियां की जा रही है। दुर्गा पूजा के सफल आयोजन के लिए अविनाश पुरोहित, पंकज महमिया, नीरज पुरोहित सहित पूरी टीम लगी हुई है।

## छोकरवाडा में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन

### विकास अधिकारी जेपी बुनकर रहे मौजूद

**भुसावर।** गॉव छौंकरवाडा में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया। जहां विकास अधिकारी जेपी बुनकर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पहुॅचकर आमजन की समस्याओं को सुना और उनका मौके पर निस्तारण करने का कार्य किया। विकास अधिकारी जेपी बुनकर ने बताया कि ग्राम पंचायत छौंकरवाडा में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया। जहां आमजन की छोटी बडी सभी समस्याओं का अधिकारियों ने मौके पर ही निस्तारण किया। जिस पर सभी ने सरकार का आभार जताया। इस दौरान उच्च अधिकारियों ने पहुॅचकर निरीक्षण भी किया। भाजयुमो ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष पुष्कर चौधरी ने बताया कि शिविर में मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा पॉलिसी डॉ. विजय पहाडिया द्वारा अधिकारियों के साथ लाभार्थी को सौंपी गई।

## सेवा पर्व पखवाड़ा का ककराना में लगा ग्रामीण सेवा शिविर



खबरों की दुनिया

**गुढागौड़जी।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत ककराना में गुरुवार को सेवा पर्व पखवाड़ा के अंतर्गत ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उदयपुरवाटी तहसीलदार रजनी यादव, नायब तहसीलदार नीरज वर्मा, अतिरिक्त विकास अधिकारी पूर्णाराम मेघवाल, सहायक विकास अधिकारी धर्मेंद्र कुमार, गिरदावर सुनीता, पटवारी अजय गुर्जर, पटवारी ओमसिंह, ग्राम विकास अधिकारी कुलदीप सैनी, योगेश सैनी, कनिष्ठ सहायक मुकेश सैनी, शक्ति सिंह मीणा, सरपंच ममता सैनी, ग्राम विकास अधिकारी रोहन कुल्हरी, डॉक्टर सुरेश कुमार, विद्युत विभाग के जेईएन मुकेश जाखड़, कृषि पर्यवेक्षक संजय नेहरा, आयुर्वेद विभाग के वैद्य वेद प्रकाश, सामाजिक न्याय विभाग से सुनीता ढाका, जलदाय विभाग के जेईएन मोतीलाल सैनी, सहकारी समिति व्यवस्थापक वेद प्रकाश सहित कुल 14 विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने ग्रामीणों की परिवेदनाएं सुनी और उनका मौके पर ही निस्तारण किया। गांव के राजेंद्र सिंह पुत्र उगम सिंह को आवासीय भूमि का पट्टा बनाकर दिया। सरपंच ममता सैनी और समाजसेवी प्रभाती लाल सैनी ने कहा कि सरकार द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत में समय-समय पर इस प्रकार के शिविरों का आयोजन करना चाहिए। जिससे आमजन की समस्याओं का निस्तारण मौके पर ही हो सके।

## पुलिस थाने में साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

**उदयपुरवाटी।** पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ताराचंद पुत्र भागीरथ मल जाती माली उम्र 28 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 2 इंद्रपुरा तहसील उदयपुरवाटी को साइबर अपराध की शिकायत में संलिप्त होने पर गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई भारत सरकार द्वारा संचालित साइबर पोर्टल के अनुसार विभिन्न बैंक शाखाओं द्वारा जारी किए गए संदिग्ध बैंक खाता की सूची पर की गई। जिनकी राष्ट्रीय साइबर अपराध रिर्पोटिंग पोर्टल पर विभिन्न शिकायत दर्ज हैं। जिसमें बैंक डिटेल द्वारा भिन्न भिन्न बैंक खातों के खाताधारकों की बैंक सूचना प्राप्त की गई। जिस पर महानिदेशक पुलिस साइबर अपराध जयपुर एवं महानिरीक्षक पुलिस रेंज जयपुर के आदेशानुसार संचालित अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए विभिन्न शिकायतों में बैंक खातों द्वारा जारी संलिप्त बैंक खाताधारक गैरसायल ताराचंद पुत्र भागीरथ मल को शांति भंग में गिरफ्तार किया जाकर जांच जारी है। कार्रवाई के दौरान टीम में कस्तूर वर्मा पुलिस निरीक्षक थाना अधिकारी उदयपुरवाटी व अमित कुमार कांस्टेबल मौजूद रहे।

## चिराना शिविर में छाया पेयजल का मुद्दा



खबरों की दुनिया

**चिराना।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत ग्रामीण सेवा शिविर ग्राम पंचायत चिराना में आयोजित किया गया। शिविर में विधुत विभाग, पटवार विभाग, चिकित्सा, पशु चिकित्सा, राजस्व मंडल, वन विभाग सहित अनेक विभागों के कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने समस्याएं विभाग के अधिकारियों को बताई। शिविर में प्रभारी एसीएम सुशील सैनी ने शिविर का निरिक्षण किया व जन समस्याएं सुनी। ग्राम चिराना चिराना में पेयजल समस्या का अधिक मुद्दा छाया। ग्रामीणों ने समस्या का ज्ञापन दिया। इसके साथ हि महिला अधिकारीता विभाग कि और से दो महिलाओं कि प्रथम गोद भराई रस्म करवाई गयी व गर्भावस्था कि सावधानियां बताई। विधुत विभाग द्वारा सोलर पैनल योजना में रजिस्ट्रेशन किए। इस दौरान ग्राम प्रशासक राजेंद्र सिंह शेखावत, मो. इकबाल शेख, चंद्रकांत गौतम, विनोद पारीक, हरफूल सैनी, संजय पाराशर, भवानी सिंह शेखावत, कैलाश सैनी, अरविंद सैनी सहित अनेक लोक मौजुद रहे।

## परमहंस स्कूल के जूनियर कैम्पस में हुई अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी

खबरों की दुनिया

**चिड़ावा।** शहर के विकास नगर स्थित परमहंस (पीसीपी) स्कूल के जूनियर विंग में पीटीएम का आयोजन किया गया। विद्यालय संरक्षक बिरजू राम, निदेशक विक्रम जांगिड़ और सह-निदेशक मनोज जांगिड़ ने अभिभावकों के साथ सरस्वती वंदना और पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में अभिभावकों को मासिक टेस्ट, यूनिट टेस्ट और प्री-फाउंडेशन के माइनर टेस्ट के परिणाम सौंपे गए। इस दौरान, अभिभावकों को विद्यालय की शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी गई। जिसमें फाउंडेशन और स्कूल बैच की गतिविधियाँ शामिल थी। विद्यालय निदेशक विक्रम जांगिड़ ने अभिभावकों से कहा कि विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को न केवल शैक्षणिक रूप से मजबूत करना है, बल्कि उनका सर्वांगीण विकास भी करना है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को व्यक्तित्व विकास के अवसर प्रदान किए जाते हैं। कार्यक्रम के अंत में, अभिभावकों ने विद्यालय प्रशासन और स्टाफ की कड़ी मेहनत और समर्पण की प्रशंसा की। विद्यालय के स्टाफ सदस्यों ने भी अभिभावकों के सहयोग और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। आयोजन में पंकज जांगीड़,प्रमिला, किरण, सुषमा, ऊषा, सुहाना, निर्मला, यशवंता, चित्रा, विनीता, गीता, मुन्नी, नेहा, मुस्कान, मंजू, मनीष, अनुज, राजीव, अनिता, पूजा, मेहर, सरस्वती, मनिषा ,ज्योति, नीतू, मोनिका, बिंदिया, विकास आदि स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।




## स्कूल बैग पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे




खबरों की दुनिया

**नवलगढ़।** प्राथमिक विद्यालय गुर्जरों की ढाणी ग्रामपंचायत बलारां में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को सांखू हनुमान मंदिर ट्रस्ट की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्कूल बैग का वितरण किया गया।इस अवसर पर वृक्ष मित्र एवं पर्यावरण प्रेमी श्रवण कुमार जाखड़ सेवानिवृत्त उप प्रधानाचार्य सांखू भी उपस्थित रहे। स्कूल बैग पाकर विद्यार्थियों के खुशी से चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम के अन्त में प्रधानाध्यापक मांगीलाल गुर्जर ने बालाजी मंदिर ट्रस्ट हनुमानगढ़ सांखू का आभार व्यक्त किया।

## अग्रवाल समाज समिति का चार दिवसीय अग्रसेन जयंती समारोह 19 से

खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** अग्रवाल समाज समिति का चार दिवसीय जयंती कार्यक्रम 19 सितंबर की सुबह 8 बजे अग्रध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलन के साथ शुरु होगा। इसी दिन प्रातः 9:00 बजे जेजेटी यूनिवर्सिटी चूडेला में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन शाम 4 बजे बैडमिंटन प्रतियोगिता एसएस मोदी विद्या विहार होगी। 20 सितंबर को महिलाओं द्वारा 6 प्रोग्राम आयोजित किए जाएंगे। इन्हीं कार्यक्रमों में शाम 7 बजे प्रश्न मंच का आयोजन किया जाएगा। 21 सितंबर को प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक हाई टी



एवं अग्र प्रसाद की व्यवस्था रहेगी। 21 सितंबर को सुबह 10 से शाम 6:30 बजे तक महाराजा अग्रसेन मेला आयोजित किया जाएगा। मेले का मुकुंद सेवा सदन में आयोजित होगा। 22 सितंबर को शाम को 6 बजे से मुख्य समारोह, मेधावी छात्र अभिनंदन, सांस्कृतिक प्रोग्राम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज में विशिष्ट योग्यता रखने वाले अग्रबंधुओं का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों में गणेश हलवाई अध्यक्ष, अजीत राणा सरिया मंत्री, रितेश सिंघानिया कोषाध्यक्ष, आशीष तुलस्यान उपाध्यक्ष, संदीप गोयल उपाध्यक्ष, लोकेश अग्रवाल उप मंत्री, रवि गुप्ता उप मंत्री एवं कार्यकारिणी एवं विशेष आमंत्रित सदस्य अग्रवाल समाज समिति के जुटे हुए हैं।

## शब्दाक्षर राजस्थान प्रदेश इकाई की कार्यकारिणी का पुनर्गठन

### सुरेश कुमार जांगिड प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत हुवे

खबरों की दुनिया

**नवलगढ़।** शब्दाक्षर राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह ने शेखावाटी के प्रसिद्ध सेवा के लिए समर्पित वरिष्ठ चिकित्सक डॉ दयाशंकर जांगिड को राष्ट्रीय संरक्षक व सलाहकार बनाया है इसके पूर्व डॉ जांगिड प्रदेश अध्यक्ष थे। अब उनकी जगह राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह ने डॉ दयाशंकर जांगिड की अनुशंसा से प्रसिद्ध कवि सेवानिवृत शिक्षक सुरेश कुमार जांगिड को ''शब्दाक्षर'' प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है। सुरेश कुमार जांगिड साहित्यकार व लेखक है। आपकी कविताएं दूरदर्शन आकाशवाणी पर प्रस्तुत होती रहती है। सरकारी सेवा व अन्य सांस्कृतिक व साहित्यिक कार्यक्रमों आपकी क्षेत्र में अहम भूमिका रही है। आप संगीतकार व अच्छे गायक है। बंधे का बालाजी



झुंझुनू मे ''शब्दाक्षर'' के राष्ट्रीय साहित्योत्सव मे आपके स्वागत गीत व विदाई गीत को सराहना मिली। अंगिरा सेवा समिति में आप सचिव पद पर आसीन है। ''शब्दाक्षर'' प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष वरिष्ठ चिकित्सक व कवि डॉ लक्ष्मीकांत शर्मा चिड़ावा, प्रदेश सचिव मुकेश मारवाड़ी दुर्जनपुरा शिक्षक व अच्छे कवि है। मंच संचालन मे भी आप पारंगत है। मुरली मनोहर चोबदार को प्रदेश संगठन मंत्री बनाया गया है सामाजिक कार्यो मे बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया करते है। पंकज शाह को प्रदेश मीडिया प्रभारी बनाया गया है आप सक्रिय सदस्य है। अनिल बिरोलिया को प्रदेश अर्थ मंत्री पद दिया गया है। आप कुशल वाणिज्य वेता व प्रबन्धक है। उषा मानसिंहका सरकारी अध्यापिका है आप अच्छी कवयित्री है आपकी पुस्तके प्रकाशित हो चुकी है। आप एक उत्कृष्ट उदघोषक भी है। समाजसेवा मे भी अग्रणी रहती है। आपको प्रदेश साहित्य मंत्री बनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष बनने पर सुरेश कुमार जांगिड़ ने कहा कि वे राजस्थान मे साहित्य व कविता के उत्थान के लिये कार्य करेंगे। युवाओं को इस कड़ी मे शामिल किया जायेगा तथा राजस्थान प्रदेश मे इकाइयों की स्थापना करेंगे। जिला अध्यक्ष रमाकांत सोनी प्रखंड अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार शर्मा ने सभी को बधाईयां दी।

## मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना से नगरपालिका बासियों को मिलेगी राहत : ईओ सुरेश मीणा

**भुसावर।** राज्य सरकार के बजट घोषणा 2024-25 के अनुसार राज्य के शहरी क्षेत्रों में नगरीय निकायों की सीमा में निवास करने वाले असंगठित क्षेत्र के श्रमिको,गिग वर्कर्स, ट्रांसपोर्ट वर्कर्स, डोमेस्टिक वर्कर्स, भवन निर्माण श्रमिक , हॉकर्स वेस्ट वर्कर्स, रेग पिकर आदि की आर्थिक स्थिति को सुधारने एवं उनके व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना प्रारंभ की गई थी योजना प्रभारी प्रदीप गुर्जर ने बताया कि आवेदक द्वारा ईमित्र अथवा स्वयं के स्तर से एसएसओ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया जाएगा एवं शहरी सेवा शिविर 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2025 मे आकर आवेदन कर सकते हैं।

खबरों की दुनिया
एक नजर

राजफेड की समीक्षा बैठक

## आवश्यकता के अनुरूप खरीद केन्द्रों की संख्या में की जाए वृद्धि : गौतम दक



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि खरीफ-2025 सीजन में समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत आगामी दलहन-तिलहन खरीद के लिए अभी से सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आवश्यकता के अनुरूप खरीद केन्द्रों की संख्या में वृद्धि की जाए, जिससे किसानों को अपना माल तुलवाने में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़े।दक गुरूवार को राजस्थान राज्य सहकारी क्रय-विक्रय संघ (राजफेड) कार्यालय में संस्था से संबंधित गतिविधियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने राजफेड अधिकारियों को निर्देश दिए कि मूंग, मूंगफली, उड़द और सोयाबीन खरीद की प्रक्रिया समयबद्ध रूप से शुरु करने के लिए पूरी तैयारी रखी जाए।

शहरी सेवा शिविर

## नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने शहरी सेवा शिविर के तहत मानसरोवर जोन में आयोजित शिविर का किया निरीक्षण



### आयुक्त ने शिविरों में आ रहे आमजन के लिए पर्याप्त छाया, पानी, बैठने की व्यवस्था कार्य के दिये निर्देश

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने शहरी सेवा शिविर 2025 के तहत गुरूवार को मानसरोवर जोन के पत्रकार रोड स्थित आनंद महल मैरिज गार्डन में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने अधिकारियों को शिविर में आ रहे आमजन के लिए छाया, पानी व बैठने की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए साथ ही आमजन के साथ संवाद करते हुए फीडबैक भी लिया। शिविर में आए हुए कई लाभार्थियों ने व्यवस्थाओं को सराहा तथा समस्याओं के तत्काल निस्तारण पर राज्य सरकार को धन्यवाद भी दिया। आयुक्त ने इस अवसर पर पीएम स्वनिधि योजना के तहत 15 हजार, 25 हजार एवं 50 हजार रुपये का चैक लाभार्थियों को प्रदान किया।

## पीएम-सीएम स्वनिधि योजना के तहत ऋण वितरित किए





**जयपुर(खबरों की दुनिया)।** गुरुवार को नगर निगम ग्रेटर जयपुर के द्वारा शहरी सेवा शिविर का आयोजन आनन्द महल मैरिज गार्डन, पत्रकार रोड मानसरोवर में किया गया। जिसमें सभी सरकारी विभागों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। इस शिविर में डॉ. गौरव सैनी (आईएएस) कमीशनर जयपुर नगर निगम ग्रेटर ने इंडियन ओवरसीज बैंक मानसरोवर शाखा के द्वारा स्वीकृत किए गए पीएम स्वनिधि व सीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को ऋण के चैक सौंपे। उनके साथ प्रशांत चौधरी प्रबंधक इंडियन ओवरसीज बैंक उपस्थित रहे व लाभार्थियों को ऋण वितरित किए।

# आकाशदीप महाविद्यालय में छात्राओं को दिया आत्मरक्षा तकनीकों का प्रशिक्षण

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** आकाशदीप शिक्षक प्रशिक्षण महिला महाविद्यालय में राजकोप का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया जिसमें ऑपरेशन गरिमा के तहत सुशीला बेल्ट नंबर 11540 और अनीता बेल्ट नंबर 11475 ने महाविद्यालय की छात्राओं को जयपुर राज. के अतिरिक्त उपायुक्त के मार्ग दर्शन एवं आत्मरक्षा तकनीकों का प्रदर्शन किया गया और छात्राओं को जागरूक किया गया। छात्राओं को पुलिस हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी गई। नोडल कार्यालय कालका पेट्रोलिंग यूनिट के माध्यम से स्थानीय महाविद्यालय में 450 छात्राओं और 18 व्याख्याताओं को प्रशिक्षित किया गया और सभी को राज कोप सिटीजन ऐप के बारे में जानकारी दी एवं एप को डाउनलोड करवाया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. गायत्री बैरवा ने भी छात्राओं को जागरूक किया।









## 'सेवा पखवाड़ा' में 25 हजार के लक्ष्य से ज्यादा रक्तदान कर निभाया सामाजिक सरोकार

### प्रदेश में एक ही दिन में 27 हजार 629 लोगों ने किया रक्तदान

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 17 सितम्बर से शुभारम्भ किये गए सेवा पखवाड़ा के तहत प्रथम दिन आयोजित रक्तदान शिविरों में राजस्थान ने लक्ष्य से अधिक रक्त एकत्र कर मिसाल कायम की है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में आयोजित रक्तदान शिविरों में 25 हजार यूनिट के लक्ष्य के विरुद्ध एक ही दिन में लोगों ने 27 हजार 629 यूनिट रक्तदान कर जीवन रक्षा की दिशा में अभूतपूर्व योगदान दिया है। सबसे अधिक बीकानेर संभाग में 6 हजार 539 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के



निर्देशन में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से सेवा पखवाड़ा के तहत सभी जिलों में स्वास्थ्य शिविरों के साथ-साथ रक्तदान शिविर भी आयोजित किए गए। इन स्वास्थ्य शिविरों में लाखों लोगों ने न केवल निःशुल्क जांच एवं उपचार सेवाओं का लाभ लिया, बल्कि रक्तदान शिविरों में बढ़चढ़ कर रक्तदान करते हुए सामाजिक सरोकारों को निभाया और अन्य लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बने।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रीमती गायत्री राठौड़ ने बताया कि प्राप्त आंकड़ों के अनुसार बीकानेर संभाग में 6 हजार 539, जयपुर संभाग में 6 हजार500, जोधपुर संभाग में 4 हजार 904,अजमेर संभाग में 3 हजार 225, उदयपुर संभाग में 3 हजार 148 , कोटा संभाग में 2 हजार 767 एवंभरतपुर में 546 लोगों सहित कुल 27 हजार629 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

### एनीमिया स्क्रीनिंग में भी राजस्थान अव्वल

राठौड़ ने बताया कि 17 सितम्बर से ही संचालित स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत आयोजित किए गए स्वास्थ्य शिविरों में जनसंख्या के अनुपात में एनीमिया स्क्रीनिंग में राजस्थान पहले स्थान पर रहा है। आयोजित हुए स्वास्थ्य शिविरों में 50 हजार 75 किशोर-किशोरियों सहित अन्य की एनीमिया स्क्रीनिंग की गयी। प्रदेश के लिए यहएक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। प्रमुख शासन सचिव ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत 2 अक्टूबर तक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में महिलाओंएवं किशोरियों की ब्लड प्रेशर, डायबिटीज की जांच और कैंसर जैसी बीमारियों की शुरूआती पहचान, एनीमिया स्क्रीनिंग,टीबी, सिकल सेल की जांच, गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच, बच्चों के लिएटीकाकरण की सुविधा प्रदान की जा रही है।

## वाणिज्यिक कर विभाग की बड़ी कार्रवाई कर 9 करोड़ 59 लाख की जीएसटी चोरी पकड़ी

### फर्जी चालान व ई-वे बिल से आयरन स्क्रेप की फर्जी खरीद दिखाई

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** राज्य में बोगस, फेक फर्मो द्वारा की जा रही राजस्व क्षति रोकने के लिए राज्य कर विभाग सर्तक है। विभाग के मुख्य आयुक्त कुमार पाल गौतम के निर्देशन में इस सम्बंध निरन्तर की जा रही कार्रवाई की कड़ी में प्रवर्तन शाखा प्रथम की टीम ने जयपुर स्थित विश्वकर्मा इण्डस्ट्रियल एरिया में आयरन एवं स्क्रेप का कागजी कारोबार करने वाली दो फर्मों बाबा मैटल्स तथा खण्डेलवाल एण्टरप्राईजेज पर एक साथ सर्च और सर्वे की कार्रवाई की। मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर 29 सितम्बर तक के लिए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। मुख्य आयुक्त ने बताया कि कार्रवाई से पूर्व विभाग ने जीएसटी पोर्टल पर दोनों फर्मों के खरीद फरोख्त संबंधी आंकड़ो का विश्लेषण किया तथा अपने गुप्त स्त्रोतों से इन फर्मों की व्यापारिक गतिविधियों की सूचना जुटाई । इस दौरान पाया गया कि दोनों फर्मों का संचालन मास्टरमाइंड महेन्द्र खण्डेलवाल द्वारा किया जा रहा है। विभागीय जांच में स्पष्ट हुआ कि महेन्द्र खण्डेलवाल द्वारा अपनी दोनों फर्मों में कूटरचित बोगस बिलों के आधार पर कुल 53 करोड़ 27 लाख रूपये की खरीद दिखाकर 9 करोड़ 59 लाख रूपये की राजस्व हानि की गई है। महेन्द्र खण्डेलवाल ने सुनियोजित तरीके से राज्य के बाहर स्थित आयरन एवं स्क्रेप के बोगस कारोबारियों से संबंध स्थापित किये तथा दिल्ली, उत्तरप्रदेश, आगरा स्थित बोगस फर्मों से बिलों की खरीद कर आगत कर (आईटीसी) का अनुचित लाभ लेकर राजस्व की हानि की।

विशेष प्रशिक्षण

## साथीन व पर्यवेक्षक देंगी महिलाओं और बच्चों को सभी कानूनी अधिकारों की जानकारी



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** राज्य की साथिनों और पर्यवेक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिससे वे महिलाओं और बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दें और उन अधिकारों की रक्षा और योजनाओं का लाभ उठाने में उनकी मदद कर सकें।

प्रथम चरण में महिला अधिकारिता निदेशालय ने सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीएफएआर) के सहयोग से अजमेर, भीलवाड़ा, बारां और नागौर जिलों की 28 साथिनों और पर्यवेक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दिया है। यह प्रशिक्षण चार नियोजित प्रशिक्षण सत्रों में से पहला है, जो विशेष रूप से साथिनों और पर्यवेक्षकों के लिए आयोजित किए जा रहे हैं।

महिला अधिकारिता निदेशालय की अतिरिक्त निदेशक सीमा शर्मा ने बताया कि राज्य में साथिनों और पर्यवेक्षकों का एक प्रशिक्षित कैडर तैयार किया जा रहा है ताकि वे जेंडर-आधारित हिंसा की रोकथाम की दिशा में बदलाव ला सकें।

इस व्यापक प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य साथिनों को आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान करना करना है ताकि वे मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें और अपने समुदाय में जेंडर-आधारित हिंसा की रोकथाम की क्षमता को और सशक्त बना सके। इसे हासिल करने के लिए साथिनों की क्षमता निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया गया ताकि वे हिंसा से पीड़ित महिलाओ को आवश्यक सहायता सेवाओं से जुड कर महिलाओं और बालिकाओं से जुड़ी योजनाओ और सेवाओ के प्रभाव का कर सकें, जेंडर रेस्पोंसिव बजटिंग की पैरवी कर सकें। इससे संसाधनों का आवंटन महिलाओं की विशिष्ट जरूरतों और प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए किया जा सकेगा।

इस प्रयास की सफलता अंतर्विभागीय समन्वय पर भी निर्भर करती है। पंचायती राज विभाग और राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारियों ने मास्टर ट्रेनरों के प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। ग्राम पंचायत विकास योजना का लाभ उठाने के महत्व पर ध्यान केंद्रित करते हुए योजना उपनिदेशक जी. डी. रामना ने कहा कि इन योजनाओं में जेंडर बजटिंग को एकीकृत करने पर विशेष ध्यान दिया गया है ताकि संसाधनों का न्यायसंगत आवंटन हो सके, महिलाओं और बालिकाओं की जरूरतें पूरी हों, ग्राम सभाओं के निर्णय लेने की प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाया जा सके जिससे वे उन्हें अपने समुदायों की विकास प्राथमिकताओं को आगे ले जाने में अधिक सहायक हो सके।

प्रदीप कुमावत, उप सचिव, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (रालसा) ने नालसा की नई योजनाओं और सेवाओं को समझाते हुए कहा कि निःशुल्क कानूनी सहायता की आसान पहुँच को नेशनल लीगल सर्विसेज अथॉरिटी (नालसा) ऐप के माध्यम से और मजबूत किया जा रहा है जिससे जरूरतमंद को कानूनी सहायता आसानी से मिल सके। इसके अतिरिक्त राजस्थान पीड़ित प्रतिकर योजना सुनिश्चित करती है कि एसिड अटैक पीड़ितों को योजना का लाभ मिल सके। सृजन की सुरक्षा योजना– 2025 में नवजात बालिका को 'ग्रीन कार्ड' दिया जाता है। अवेयरनेस सपोर्ट हेल्थ एक्शन स्टैंडर्ड एक ऑपरेटिंग प्रोसीजर है जो महिलाओं और बच्चों की स्वास्थ्य सेवाओं की डिलीवरी में सुधार लाने के लिए बनाई गई है। इय प्रोसीजर और बाल-अनुकूल विधिक सेवा योजना की जानकारी भी इस प्रशिक्षण में दी गई है।

तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम ने प्रतिभागियों को महिलाओं के खिलाफ हिंसा रोकथाम से सम्बंधित कानूनों और योजनाओं की व्यापक समझ प्रदान की। कार्यशाला पर अपने विचार साझा करते हुए अजमेर की साथिन उमराव ने कहा कि यह प्रशिक्षण जानकारीपूर्ण था। हमने कई नई बातें सीखीं जो हमारे काम में अमूल्य सिद्ध होंगी। अब मुझे विश्वास है कि मैं कहीं अधिक प्रभावी हो कर अपने समुदाय की महिलाओं और बालिकाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में और अधिक सार्थक योगदान प्रदान करूंगी। प्रशिक्षण के अंतिम दिन, साथिनों और पर्यवेक्षकों ने मिलकर एक व्यावहारिक पायलट कार्य योजना तैयार की।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **अजय भारतीय** द्वारा आकाशदीप प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स, सेक्टर 11 अग्रवाल फार्म जयपुर से मुद्रित एवं आकाशदीप सेक्टर-11 अग्रवाल फार्म, जयपुर से प्रकाशित। **सम्पादक :** एल. सी. भारतीय **मोबाइल:** 9829061123 **फोन :** 0141-2397778